Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 04 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 197 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**सुविचार**

खुद से लड़ो, बाहर के शत्रुओं से क्या लड़ना, जो व्यक्ति खुद से लड़ना सीख जाए, उसे जीवन में आनंद की प्राप्ति होती है।

–भगवान महावीर

Deepika Padukone virtually...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 80,981.95 |
| निफ्टी | : | 24,717.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,640 |
| चांदी | : | 90.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### आतंकियों के मददगार 6 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 6 सरकारी कर्मचारियों को एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल होने के चलते बर्खास्त किया है। इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल है। सभी ड्रग्स के व्यापार और टेरर फंडिंग कर रहे थे। एजली मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया। बर्खास्त कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख, सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैफ दीन, खालिद हुसैन शाह, इरशाद अहमद चालकू, कांस्टेबल रहमत शाह और शिक्षक नजम दीन शामिल हैं।

### अमेरिका ने इजरायल की रक्षा के लिए भेजे हथियार

**NEW DELHI :** अमेरिका ने बढ़ते तनाव को देखते हुए मिडिल ईस्ट में और हथियार तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अमेरिका इलाके में एक फाइटर जेट स्क्वॉड्रन और एक एयरक्राफ्ट कैरियर तैनात करेगा। इनका लक्ष्य ईरान की तरफ से इजरायल पर हमले की स्थिति में उसकी रक्षा करना होगा दरअसल, तेहरान में हमास चीफ हानियेह की मौत के बाद सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने इजराइल पर सीधा हमला करने की धमकी दी थी। वहीं ईरान समर्थक संगठन हिजबुल्लाह और हूतियों ने भी इजरायल से बदला लेने की बात कही थी। इसके बाद अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मिडिल ईस्ट में बैलिस्टिक मिसाइल वाले क्रूजर और डिस्ट्रॉयर भी तैनात करने का आदेश दिया है। साथ ही अमेरिका वहीं दूसरे बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस वेपन भी भेज रहा है।

### भारतवंशी कमला हैरिस बनीं राष्ट्रपति उम्मीदवार

**NEW DELHI :** अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी से भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति उम्मीदवार बन गई हैं। पार्टी में 1 अगस्त से शुरू हुई ऑनलाइन वोटिंग में 28 घंटे बाद ही उन्हें 2350 से ज्यादा डेलीगेट्स का समर्थन मिल गया है। इसी के साथ उन्होंने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। 6 अगस्त को वोटिंग खत्म होने के बाद ही उनके आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की घोषणा की जाएगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कमला को चुनाव खत्म होने तक पार्टी के 99 प्रतिशत यानी 3923 डेलीगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है। कमला अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। शुक्रवार को बहुमत हासिल करने के बाद उन्होंने कहा, मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं अगले हफ्ते आधिकारिक तौर पर नॉमिनेशन स्वीकार करूंगी। कमला को बहुमत मिलने के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा, उन्हें उप राष्ट्रपति बनाना मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन फैसलों में से एक था।

# झारखंड के विश्वविद्यालयों में चल रहे अलग-अलग नियम

## 60 की उम्र सीमा पार करने पर हटाए गए थे केयू के एफओ, वीमेंस यूनिवर्सिटी में मिल रहा कार्य विस्तार

## बड़ी विसंगति : डॉ. पीके पाणी के लिए अलग, डॉ जावेद अहमद के लिए अपनाए जा रहे अलग नियम

**ANAND MISHRA @ JSR**

राज्य की किसी यूनिवर्सिटी में नियम-प्रावधानों से हटकर कुछ होता है, तो उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से लेकर राजभवन तक की ओर से हस्तक्षेप कर दिया जाता है। लेकिन शहर स्थित जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी शायद कुछ खास है, जहां नियम-प्रावधानों से परे भी कोई कार्य अथवा अधिकारियों को कार्यकाल विस्तार मिलता है। इस विश्वविद्यालय में उम्रसीमा को नजरअंदाज कर वित्त पदाधिकारी (एफओ) और परीक्षा नियंत्रक (सीई) को लगातार कार्यकाल विस्तार दिया जा रहा है, जबकि कुछ ही साल पहले कोल्हान विश्वविद्यालय में इस तरह के मामले में राजभवन की ओर से हस्तक्षेप किया गया था।

### महिला विवि : एक अकाउंट से दूसरे में ट्रांसफर किए गए करोड़ों रुपये

**सिदगोड़ा स्थित जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में सामने आ रहे नित नए मामले, छात्र संगठनों में असंतोष**

महिला विवि पर भारी वित्त पदाधिकारी, बेटी के लिए की दूसरे की हकमारी

व्याज दर अधिक फिर भी कर ली गई निकासी

उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग व राजभवन में शिकायत की तैयारी

वाटर कूलर लगाने में भी कमीशनखोरी!

अस्थायी कर्मचारी इतना पावरफुल कैसे

कुलपति की पीए के पति हैं आईसीआईसीआई बैंक में

### क्या हुआ था कोल्हान यूनिवर्सिटी में

कोल्हान विश्वविद्यालय में तत्कालीन वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पाणि थे। वे भली-भांति अपने कार्य का निर्वहन कर रहे थे। इस बीच राजभवन का एक पत्र विश्वविद्यालय को मिला। पत्र के माध्यम से राजभवन की ओर से 60 वर्ष की उम्रसीमा पार करने का हवाला देते हुए डॉ पाणि के वित्त पदाधिकारी बने रहने पर आपत्ति जतायी गयी थी। उसके बाद विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी को बदला गया था।

### विभाग व राजभवन की ओर से नहीं उठाया जा रहा कदम

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में एफओ डॉ जावेद अहमद और सीई डॉ रमा सुब्रह्मण्यम को लगातार कार्यकाल विस्तार मिल रहा है। हालांकि इन दोनों पदाधिकारियों की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो चुकी है। बावजूद इस पर न तो उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और न ही राजभवन की ओर से कोई कदम उठाया जा रहा है। पिछले ही महीने एफओ का कार्यकाल समाप्त होने पर विश्वविद्यालय की ओर से पत्र भेजा गया था। जानकारी के अनुसार पत्र में पुनः डॉ जावेद अहमद का नाम शामिल किया गया था। दो दिन के अंदर डॉ अहमद को कार्यकाल विस्तार मिल गया। वहीं डॉ रमा सुब्रह्मण्यम को तय उम्रसीमा पार करने के बाद भी लगातार परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार सौंपा जा रहा है। जानकारी के अनुसार डॉ अहमद की उम्र करीब 63 और डॉ रमा सुब्रह्मण्यम की उम्र करीब 62 वर्ष हो चुकी है। बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन के चहेते डॉ अहमद वित्तीय और डॉ रमा सुब्रह्मण्यम परीक्षा विभाग का कार्य देख रही हैं। विश्वविद्यालय ने साठ की उम्र पार कर चुके दोनों शिक्षकों का नाम तीसरी बार भेजकर नियमों और प्रावधानों को नजरअंदाज किया है। यह समझ से परे है कि कोल्हान विश्वविद्यालय में डॉ. पी के पाणि के लिए अलग नियम था और कभी उसी का हिस्सा रहे कॉलेज जो अब जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी है, में डॉ. अहमद के लिए अलग नियम चलाया जा रहा है। हालांकि जब तक कोई नया विश्वविद्यालय विधिवत अपना अलग नियम नहीं बना लेता तब तक मूल संस्था के नियम-व्यवहार ही चलते हैं।

### आदेश के बाद भी नहीं बदले गए एफओ-सीई

सर्वविदित है कि वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक की उम्रसीमा को लेकर राजभवन की ओर से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा गया था। पत्र के आलोक में कोल्हान विश्वविद्यालय से वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पाणि को पदमुक्त करते हुए इस पद के लिए नाम मांगा गया था। इसके अलावा विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी यह कार्रवाई हुई थी।

# अब पुलिस भी असुरक्षित, कांके रिंग रोड स्थित इंडियन ढाबा से लौटते समय अनुपम कच्छप को उतार दिया मौत के घाट

# स्पेशल ब्रांच के दारोगा को मारी गोली, चली गई जान

## सब-इंस्पेक्टर की डेड बॉडी कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड से की गई बरामद

## जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा में मचा हड़कंप, 14 लोग हिरासत में

**CRIME REPORTER RANCHI :** शनिवार को झारखंड की राजधानी रांची में स्पेशल ब्रांच में तैनात साल 2018 बैच के सब-इंस्पेक्टर को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। अनुपम कच्छप नाम के सब-इंस्पेक्टर का शव कांके थाना क्षेत्र के रांची रिंग रोड से बरामद किया गया है। अनुपम को अपराधियों ने दो गोलियां मारी हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनुपम की हत्या की सूचना मिलते ही रांची पुलिस में हड़कंप मच गया। स्पेशल ब्रांच के आईजी, डीआईजी, रांची पुलिस के डीआईजी, एसएसपी समेत कई अधिकारी रिम्स पहुंचे। रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि कांके रिंग रोड स्थित इंडियन ढाबा से लौटते वक्त अनुपम की हत्या कर दी गई। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि विभाग के ही दो अन्य सब-इंस्पेक्टर रिंग रोड के एक होटल में खाना खाने आए थे। हत्या का शक उसके दोस्तों पर ही जा रही है। घटना के बाद उनके एक दोस्त ने शव को रिम्स पहुंचाया, जबकि उसके दूसरे दोस्त ने कांके थाना पुलिस को सूचना दी। दोनों सहकर्मी कांके थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

पेज 03 भी देखें।

सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की फाइल फोटो।

रांची के पुलिस लाइन में स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर आईजी प्रभात कुमार, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल सहित कई पुलिस पधाधिकारी मौजूद रहे।

### पीठ को भेदते हुए आर-पार हो गई गोली

अनुपम को पीठ के पीछे से गोली मारी गई। पीठ को भेदते हुए आर-पार हो गई गोली गोली पीठ को भेदते हुए आर-पार हो गई। घटनास्थल पर अनुपम का मोबाइल व मोटरसाइकिल पाई गई है। पुलिस विभाग में रहते हुए उनके दोस्तों ने बिना कांके पुलिस को सूचना दिए शव को रिम्स ले गए। जिसके शक की सुई उनके दोस्तों पर गहरा गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी चंदन कुमार अहले सुबह 5:30 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। कांके पुलिस छानबीन में लगी है। वह कई लोगों से पूछताछ कर पुलिस हत्या के वजहों को खंगालने की कोशिश कर रही है। बता दें कि झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को जिले के तमाम बड़े पदाधिकारियों के साथ एसएसपी कार्यालय में बैठक करने वाले थे। बैठक की मुख्य वजह राजधानी में बढ़ती अपराध पर काबू पाना है। हाल के दिनों अपराधियों ने खुलेआम कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। दो दिन पूर्व ही कांके रोड में एक कांग्रेस नेता पर अपराधियों ने गोली चलाई थी। गनीमत रही कि गोली उसके घुटने पर लगी। फिलहाल वह रिम्स में भर्ती है। वारदात के समय में वह एक होटल के समीप खड़े थे। शुक्रवार को सिविल कोर्ट के अधिवक्ता को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया गया था।

### छोटे भाई को मारा गया है, कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा : डीजीपी

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता खुद पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। रिम्स में अनुपम के परिजनों से मुलाकात के बाद झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता काफी भावुक नजर आए। कहा कि अनुपम छोटे भाई की तरह था, उसके हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि बीआईटी सिंदरी से 2014 में बीटेक करने वाले अनुपम रांची के खूंटी जिले के रहने वाले थे। अनुपम झारखंड पुलिस मुख्यालय स्थित स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित थे जहां वे अपराधियों पर शिकंजा कसते थे।

### हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

रांची में स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कुमार कच्छप की हत्या की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का किया गया है। एसआईटी को 72 घंटे में मामले का खुलासा करने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-प्रथम) अमर कुमार पांडेय इस टीम की अगुवाई करेंगे। पुलिस ने बताया कि अनुपम कुमार को गोली मारने वाले अज्ञात अपराधकर्मियों की पहचान के लिए डीएसपी (मुख्यालय-प्रथम) के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी में सिल्ली के डीएसपी रणवीर सिंह, पुलिस निरीक्षक सह कांके के थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा, टाटीसिल्वे के थाना प्रभारी मनोज कुमार, कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा, धुर्वा के थाना प्रभारी केके साहू, लालपुर के थाना प्रभारी रूपेश कुमार सिंह, पुलिस केंद्र रांची में तैनात पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, पुलिस केंद्र रांची के कमलेश पासवान और तकनीकी शाखा के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

### चार दिन पहले गुमला में जवान की गोली मारकर कर दी गई थी हत्या

गुमला में चार दिन पहले साहेबगंज जिला पुलिस के जवान और गुमला विशुनपुर थाना क्षेत्र के टीटीही गांव के निवासी अभिषेक उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना नेतरहाट घाटी में हुई थी। इस घटना का जिम्मा राहुल सिंह नाम के अपराधिक गिरोह ने ली थी।

# पेरिस ओलिंपिक में रांची की दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**PHOTON NEWS RANCHI :** शनिवार को पेरिस ओलिंपिक की तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की रांची की बेटी दीपिका कुमारी ने जर्मनी की मिशेल को 6-4 से मुकाबले में मात देकर अपनी जगह क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में दीपिका को इंडिविजुअल कैटेगरी के मुकाबले में कोरिया की नैम सू योन ने 6-4 से पराजित कर दिया। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए रोमांचक मुकाबले में जर्मनी की मिशेल ने पांचवें सेट की शुरूआत में नौ का स्कोर किया, जबकि दीपिका सिर्फ पांच का ही स्कोर कर सकी। मिशेल ने अगले प्रयास में भी नौ का स्कोर किया, लेकिन दीपिका ने वापसी करते हुए दोनों अच्छे शॉट खेले। मिशेल ने कुल 27 का स्कोर बनाया, जबकि दीपिका ने भी 27 का स्कोर किया। यह सेट टाई रहा और दीपिका 6-4 से इस मैच को जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। एक ऑटो-रिक्शा चालक के घर में जन्मी दीपिका के लिए तीरंदाजी के उपकरण जुटाना बेहद मुश्किल था। इसके बावजूद उन्होंने अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ा। बांस के बने उपकरणों से अभ्यास करके उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखारा।

- बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जर्मनी की मिशेल को 6-4 से कर दिया था पराजित
- कोरिया की नैम सू योन से 6-4 से हारीं

### पदकों की हैट्रिक लगाने से चूकीं मनु

**NEW DELHI :** शनिवार को पेरिस ओलिंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रहीं, लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं। इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है। मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरूआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी।

## जिरिबाम में उपद्रवियों ने की फायरिंग

# शांति समझौते के अगले दिन ही मणिपुर में हिंसा

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर के जिरिबाम में शांति बहाल करने के समझौते के 24 घंटे के भीतर फिर से हिंसा भड़क गई। जिरिबाम के लालपानी गांव में शुक्रवार की रात में हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। एक घर में आग लगा दी। हालांकि, वहां कोई रहता नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि लालपानी में मैतेई लोगों के घर हैं। यहां के अधिकतर लोगों ने जिले में हिंसा भड़कने के बाद घर छोड़ दिया था। उपद्रवियों ने यहां सुरक्षा-व्यवस्था में ढील का फायदा उठाकर हमला किया। हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया है। मैतेई और कुकी समुदायों ने 1 अगस्त को असम के कछार से सटे सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में एक बैठक के बाद शांति समझौता पर हस्ताक्षर किए थे।

- फूंक दिया घर, कुकी-मैतेई ने हालात सुधारने का दिया था भरोसा

### मणिपुर से जम्मू कश्मीर भेजी जाएंगी असम राइफल्स की दो बटालियन

**NEW DELHI :** मणिपुर में तैनात असम राइफल्स की दो बटालियन को जम्मू-कश्मीर में तैनात किया जाएगा। इन बटालियन में 1500 जवान हैं, जिन्हें जम्मू-कश्मीर में बढ़ती टेरर एक्टिविटी के चलते वहां भेजा जा रहा है। मणिपुर में असम राइफल्स के इन जवानों की जगह सीआरपीएफ की तैनाती की जाएगी। इससे पहले जम्मू कश्मीर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो हजार जवानों वाली बीएसएफ की दो बटालियन को ओडिशा से वापस जम्मू-कश्मीर बुलाया गया था। इन जवानों को ओडिशा में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात किया गया था। इसमें 2000 से अधिक जवान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के बीच एक सुरक्षा बैठक की थी। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद थे। मणिपुर से असम राइफल्स हटाकर सीआरपीएफ की तैनाती के खिलाफ 10 कुकी-जो विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखी है।

## वायनाड में लैंडस्लाइड के पांचवें दिन भी बचाव व राहत अभियान जारी

# जीवित लोगों की खोज में तत्पर इंडियन आर्मी के जवान

**AGENCY NEW DELHI :** शनिवार को केरल में वायनाड के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में पांचवें दिन भी भारतीय सेनाओं का बचाव और राहत अभियान जारी रहा। प्रभावित लोगों को भोजन सामग्री पहुंचाने के साथ ही नौसेना की कई टीमों को जीवित बचे लोगों की खोज, मलबे को साफ करने और शवों को बरामद करने के लिए तैनात किया गया है। भारतीय सेना के चूरलमाला में इरुवानिपझा नदी पर बेली ब्रिज का निर्माण करने से बचाव अभियान में काफी तेजी आई है। भारतीय नौसेना ने खराब मौसम और दुर्गम भूभाग के बावजूद आपदा से प्रभावित स्थानीय समुदाय की सहायता करने के लिए एझिमाला से आईएनएस जमोरिन के जरिए अतिरिक्त कर्मियों, स्टोर, संसाधनों और आवश्यक आपूर्ति को अंजाम दिया है। वर्तमान में 78 नौसेना कर्मी चल रहे बचाव अभियान में शामिल हैं। इन टीमों को चूरलमाला और मुंडक्कई क्षेत्र के कई स्थानों पर तैनात किया गया है और वे आपदा राहत एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों को भोजन सामग्री की निरंतर आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक टीम तैनात की गई है जबकि अन्य टीमों को जीवित बचे लोगों की खोज, मलबे को साफ करने और शवों को बरामद करने के लिए तैनात किया गया है। घायलों को चिकित्सा सहायता देने के लिए चूरलमाला में एक चिकित्सा चौकी स्थापित की गई है। नौसेना के तीन अधिकारियों और 30 नौसैनिकों की एक टीम ने भूस्खलन से अलग-थलग पड़े चूरलमाला और मुंडक्कई क्षेत्रों को जोड़ने वाले बेली ब्रिज के निर्माण में भी मदद की है।

## बेली ब्रिज का निर्माण करने से बचाव अभियान में आई काफी तेजी

### 206 लोग अब भी लापता : पिनराई विजयन

शनिवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि आपदा प्रभावित वायनाड में तलाश और बचाव अभियान अपने अंतिम चरण में है, लेकिन 206 लोग अब भी लापता हैं। विजयन ने यहां पत्रकारों से कहा कि चलियार नदी से बरामद शवों और मानव अंगों की पहचान करने में समस्या है। वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 215 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें 87 महिलाएं, 98 पुरुष और 30 बच्चे शामिल हैं। अब तक 148 शव सौंपे जा चुके हैं और 206 लोग लापता हैं। विभिन्न अस्पतालों में 81 लोगों का इलाज जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 शवों की अभी पहचान नहीं हो पाई है और पंचायतें उनका अंतिम संस्कार करेंगी।

# मध्यमहेश्वर में करें शिव की नाभि के दर्शन

**रुद्रप्रयाग जिले में स्थित इस मंदिर में भगवान शिव की नाभि की पूजा की जाती है। यह मंदिर धार्मिक आस्था के साथ साथ साहसिक पर्यटन के लिए भी जाना जाता है। युवाओं में यह अपने खूबसूरत ट्रेक को लेकर काफी लोकप्रिय है। इसलिए यहाँ आकर उनका उत्साह दोगुना हो जाता है। सर्दियों के मौसम में जब बर्फ.नहीं होती है और रास्ता खुला होता है तो यहाँ काफी भीड़ रहती है। इस जगह का ट्रेक करते हुए आप हिमालय की चोटियों का ऐसा अद्भुत दृश्य दिखाई देता है कि आपका मन आकर्षित हुए बिना नहीं रह पाएगा। इसलिए हमने आखिरकार इस जगह पर जाकर मध्यमहेश्वर ट्रेक और शिव मंदिर के दर्शन का विचार बना लिया।**

घुमक्कड़ की पाती
संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

भगवान शिव को समर्पित मध्यमहेश्वर मंदिर पंचकेदारों में दूसरे नंबर पर आता है। यह हमारे पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में पड़ता है। इस मंदिर की कथा महाभारत काल के पांडवों से जुड़ी हुई है। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित इस मंदिर में भगवान शिव की नाभि की पूजा की जाती है। यह मंदिर धार्मिक आस्था के साथ साथ साहसिक पर्यटन के लिए भी जाना जाता है। युवाओं में यह अपने खूबसूरत ट्रेक को लेकर काफी लोकप्रिय है। इसलिए यहाँ आकर उनका उत्साह दोगुना हो जाता है। सर्दियों के मौसम में जब बर्फ.नहीं होती है और रास्ता खुला होता है तो यहाँ काफी भीड़ रहती है। इस जगह का ट्रेक करते हुए आप हिमालय की चोटियों का ऐसा अद्भुत दृश्य दिखाई देता है कि आपका मन आकर्षित हुए बिना नहीं रह पाएगा। इसलिए हमने आखिरकार इस जगह पर जाकर मध्यमहेश्वर ट्रेक और शिव मंदिर के दर्शन का विचार बना लिया।

### पंचकेदारों में दूसरा स्थान

पंचकेदार के ये सभी स्थान धार्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। बैल का जो हिस्सा भीम ने पकड़ लिया था, वहां केदारनाथ मंदिर स्थित है और सभी केदारों में पहले स्थान पर आता है। मध्यमहेश्वर मंदिर जिसकी हम इस लेख में बात कर रहे हैं, यह पंचकेदार में दूसरे स्थान पर आता है। इसमें भगवान शिव के बैल रुपी अवतार की नाभि प्रकट हुई थी। अन्य तीन केदारों में तुंगनाथ में उसकी भुजाएं, रुद्रनाथ में मुख व कल्पेश्वर में जटाएं प्रकट हुईं थीं और धार्मिक रूप से इन जगहों का बहुत ही उच्च और विशिष्ट महत्व है।

### करनी होगी 18 किमी ट्रेकिंग

मध्यमहेश्वर मंदिर जाने का हर किसी का सपना होता है। यह मंदिर समुद्रतल से 11,473 फीट की ऊंचाई पर रुद्रप्रयाग जिले में उखीमठ के पास स्थित है। मध्यमहेश्वर जाने के लिए सबसे पहले उखीमठ से रांसी गाँव जाना पड़ता है, जो 20 से 25 किलोमीटर दूर है। रांसी गाँव से ही मध्यमहेश्वर का ट्रेक शुरू होता है, जो 18 किलोमीटर का है। मध्यमहेश्वर मंदिर यात्रा करने वाले सैलानियों को यह 18 किमी का रास्ता पैदल चलकर पार करना पड़ता है। मध्यमहेश्वर मंदिर की इस यात्रा में घने जंगल, मखमली घास के मैदान, पुष्प, पशु-पक्षी इत्यादि देखने को मिलते हैं। ट्रेक के बीच में कई गाँव पड़ते हैं, जिसमें गौंडार गाँव काफी लोकप्रिय है। इस जगह पर ठहरने आदि की सुविधा मौजूद है।

### कई खूबसूरत चोटियों के दर्शन

बूढ़ा मध्यमहेश्वर मंदिर का ट्रेक थोड़ा कठिन है। यह मध्यमहेश्वर मंदिर से ऊपर दो-तीन किलोमीटर का ट्रेक करने के बाद आता है। यह जगह इतनी खूबसूरत है कि 18 किमी का लंबा ट्रेक करने के बावजूद भी लोगों का साहस कम नहीं होता है। जो लोग मध्यमहेश्वर मंदिर आते हैं वे बूढ़ा मध्यमहेश्वर जरूर जाते हैं। इसका मुख्य कारण है, यहाँ से दिखने वाले हिमालय के अद्भुत और खूबसूरत दृश्य। इस जगह से हिमालय की चौखम्भा चोटियां बहुत ही खूबसूरत दिखाई देती हैं। इस जगह से आप हिमालय की चौखम्भा की चोटियों के साथ-साथ नीलकंठ, केदारनाथ, पंचुली व त्रिशूल की चोटियों की खूबसूरती को अच्छी तरह से देख सकते हैं।

### विश्राम की मिलेगी सुविधा

रांसी गाँव से चलने पर सबसे पहले गौंडार गाँव आता है। रांसी से गौंडार का 6 किमी के ट्रेक में ज्यादा चढ़ाई नहीं है और आप आसानी से पार कर लेंगे। यह रास्ता भी पत्थरों और पगडंडियों की सहायता से सुगम बनाया गया है। गौंडार गाँव से आगे मध्यमहेश्वर का 12 किमी का ट्रेक बहुत दुर्गम है, क्योंकि यहाँ से सीधी चढ़ाई शुरू हो जाती है। इस रास्ते में आपको रहने या विश्राम करने के लिए कुछ जगहें मिल जाएंगी, लेकिन आखिरी स्थान गौंडार ही हैं। इस गाँव में आपको होमस्टे आदि की आधारभूत सुविधा मिल जाएगी, पर इससे आगे के सफर के लिए आपको अपनी तैयारी खुद करके ही आगे निकलना चाहिए।

### सीधी चढ़ाई वाली ट्रेकिंग

मध्यमहेश्वर का ट्रेक मध्यम श्रेणी का होते हुए भी काफी लंबा और सीधी चढ़ाई वाला है, जो थका देता है। पंचकेदारों में मध्यमहेश्वर के ट्रेक को कठिन ट्रेक में गिना जाता है और ट्रेक में सुविधायों का भी भारी अभाव है। इसमें आपको केदारनाथ जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। आपको उखीमठ से रांसी के लिए अमूमन सीधी बस मिल जाती है और यदि नहीं मिले तो आप मनसुना या उनियाना चले जाएं। इस जगह से रांसी के लिए टैक्सी या जीप मिल जाती है। पहले जब आगे का मार्ग बना नही था, तो मध्यमहेश्वर की यात्रा मनसुना गाँव से शुरू होती थी।

### सुकून देंगे प्राकृतिक झरने

मध्यमहेश्वर मंदिर के ट्रेक में मध्यमहेश्वर गंगा नदी और कुछ प्राकृतिक झरने भी मिलते हैं, जहां हाथ-मुंह धोकर अपनी पानी की बोतलें भर सकते हैं। 18 किमी की चढ़ाई के बाद आप मध्यमहेश्वर मंदिर पहुँच जाएंगे। मंदिर दर्शन के उपरांत इस जगह पर कुछ समय व्यतीत करें और फिर बूढ़ा मध्यमहेश्वर के ट्रेक के लिए निकल पड़ें। यह ट्रेक नही किया तो इस यात्रा का आनंद अधूरा रह जाएगा।

### आसपास भी कई दर्शनीय स्थल

इसके आसपास कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं। इस यात्रा के बाद यदि आप कहीं और जाना और घूमना चाहते हैं तो कंडिया, हमेशा, धनपाल, पंचगंगा, पनार बुग्याल क्षेत्र का चुनाव कर सकते हैं। यहीं पर कल्पेश्वर शिव मंदिर,माता अनुसूया मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, तुंगनाथ शिव मंदिर, लौह त्रिशूल, नंदीकुंड, राकेश्वरी मंदिर, रांसी गाँव, चंद्रशिला पहाड़ी, देवरिया ताल झील आदि भी स्थित हैं।

### पार्वती के साथ सरस्वती मंदिर

मध्यमहेश्वर मंदिर की संरचना की बात की जाए तो रांसी गाँव से 18 किलोमीटर का मध्यमेश्वर मंदिर का ट्रेक करके जब आप ऊपर पहुंचेगे तो ठीक सामने बड़े-बड़े पत्थरों से बना विशाल मंदिर दिखाई देगा। वही मध्यमेश्वर मंदिर है जिसके गर्भगृह में भगवान शिव को समर्पित नाभि के आकार का काले पत्थरों से बनाया गया शिवलिंग स्थापित है। मंदिर में दो मूर्तियाँ भी हैं, जिनमें से एक केवाल माता पार्वती की है और दूसरी भगवान शिव और माता पार्वती की है, जिनके अर्धनारीश्वर रूप की पूजा की जाती है। मध्यमहेश्वर मंदिर के बिल्कुल पास में ही एक और मंदिर है, जिसमें माता सरस्वती की मूर्ति है। मुख्य मंदिर से कुछ ही और दूरी पर एक मंदिर है, जिसे बूढ़ा मध्यमहेश्वर मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की भी युवाओं में बहुत ज्यादा मान्यता है।

### शिव-पार्वती भी खूबसूरती से हो गए थे मुग्ध

मध्यमहेश्वर मंदिर एक बहुत ही पौराणिक मंदिर है। इस मंदिर के निर्माण को लेकर मान्यता है कि यह महाभारत काल का मंदिर है, जिसका निर्माण पांडवों ने किया था। इस संबंध में एक लोककथा प्रचलित है कि पांडव महाभारत का युद्ध जीतने के बाद भी कई तरह के पापों के भागीदार हो गए थे और वे गोत्र हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए भगवान शिव के पास गए थे। लेकिन शिव पांडवों से बहुत ज्यादा क्रुद्ध थे, इसलिए वे बैल का अवतार लेकर धरती में समाने लगे पर भीम ने उन्हें देख लिया। भीम ने उस बैल को पकड़ने की कोशिश किया पर उसका पिछला हिस्सा ही हाथ में आया। शिव काफी हद तक मिट्टी में समा गए बैल के पीछे वाला भाग वहीं रह गया, जबकि चार अन्य भाग चार हिमालय के विभिन्न स्थानों पर निकले। इन पाँचों स्थानों पर पांडवों ने शिवलिंग स्थापित कर शिव मंदिरों का निर्माण किया, जिन्हें हम वर्तमान में पंचकेदार कहते हैं। एक पौराणिक मान्यता यह भी है कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए भगवान शिव और माता पार्वती मुग्ध हो गए थे और उन्होंने इस जगह पर मधुचंद्र रात्रि बिताई थी। इसकी वजह से इस स्थल की धार्मिक महत्ता और भी ज्यादा बढ़ जाती है।

### मध्यमहेश्वर मंदिर ट्रेक के लिए टिप्स

मध्यमहेश्वर मंदिर ट्रेक करने का मन बना रहे हैं तो कुछ बातों का आवश्यक रूप से ध्यान रखना चाहिए। जैसे कि यहाँ का मौसम वर्ष भर ठंडा रहता है, इसलिए गर्म कपड़े साथ रखें, ट्रेकिंग वाले जूते व एक छड़ी भी साथ में रखें, थोड़ी बहुत जानकारी पहले से जुटा लें। इस जगह पर मोबाइल का सिग्नल बहुत कम मिलता है और मंदिर के अंदर फोटोग्राफी करना पूरी तरह से निषेध है। बारिश के मौसम में यहाँ आने से बचें, क्योंकि ट्रेक मुश्किल और खतरनाक साबित हो सकता है। नवंबर से लेकर अप्रैल तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं।

## कविता

माधवी उपाध्याय
जमशेदपुर

### रे मन! काहे इठलाये तू...

रे मन! काहे इठलाये तू, पलभर का ये प्यार दिखे,
निज कर्मो का भोग यहीं पर,फलित, त्वरित-व्यवहार दिखे।
पाप बढ़े जब-जब धरती पर, प्रकृति भयंकर रूप धरे ,
प्रकृति कोप से बचे न कोई, मानव हाहाकार करे।
न समझे अज्ञानी मनवा, बेबस अरु लाचार दिखे,
रे मन! काहे इठलाये तू,पलभर के ये प्यार दिखे।
अपना सुख लगता मधुवन-सा, दूजे को परिहार करे,
जब आक्रोशित बादल फटते, नयनन सावन धार गिरे।
करे याचना प्रभु! से प्रतिपल, अन्तर्मन प्रतिकार दिखे
रे मन! काहे इठलाये तू, पलभर का ये प्यार दिखे।
करे क्रूरता जीवों पर तू , निज स्वारथ हित कृत्य करे,
फिर घबराता क्यूँ रे मनवा, प्रभु जन-मन में नृत्य करे।
निज भ्रम से तू निकल जरा अब, मृदु 'माधवी' पुकार दिखे

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## 70MM

# जला दो इसे, फूंक डालो ये दुनिया

विमल चंद्र पाण्डेय




गुरुदत्त की 1957 में आई फिल्म प्यासा मानवीय रिश्तों और उनकी निरर्थकता की बात करने वाली दुनिया की सबसे सशक्त फिल्मों में से एक है। बाजी, जाल, आर-पार और सीआईडी जैसी थ्रिलर और मिस्टर एंड मिसेज-55 जैसी हास्य फिल्म के बाद आई यह फिल्म गुरुदत्त के कॅरियर ग्राफ को पूरी तरह से बदल देती है और उन्हें भारत के सबसे संवेदनशील निर्देशकों की कतार में लाकर खड़ा कर देती है, जिस कतार से उन्हें बाद में कागज के फूल निकालती है और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों के खांचे में डालती है।

विजय एक शायर है, जो अपनी नज्में छपवाने के लिए अखबारों और पत्रिकाओं के दफ्तरों में चक्कर लगाता रहता है, लेकिन कोई संपादक उसे घास नहीं डालता, क्योंकि उन्हें गुल-ओ-बुलबुल, जाम और सुराही पर शेर चाहिए, जबकि विजय की नज्में भूख और बेरोजगारी पर हैं। विजय के घर में सिर्फ उसकी माँ है, जो उसकी परवाह करती है। उसके दोनों भाई उसके काम न करने पर बहुत नाराज रहते हैं और उसे ताने देते रहते हैं। विजय के नज्मों की फाईल उसके भाई कबाड़ी वाले को बेच देते हैं और परेशान विजय उन्हें ढूंढने में नाकामयाब होने के बाद निराश हो जाता है कि उसकी अपनी ही नज्म गाती हुई एक लड़की से मुलाकात होती है। वह उस लड़की का पीछा करता है तो उसे पता चलता है कि वह गुलाबो नाम की एक वेश्या है, जिसने उसकी नज्मों वाली फाईल खरीद ली थी। विजय के कॉलेज के जमाने की उसकी प्रेमिका मीना उसकी गरीबी की वजह से एक अमीर प्रकाशक से शादी कर लेती है और बाद में वही प्रकाशक विजय को नौकरी पर रख लेता है। मीना लौट कर विजय के पास आना चाहती है, लेकिन विजय उसे नकार देता है। एक नाटकीय घटनाक्रम में विजय ठंड से ठिठुरते एक भिखारी को अपना कोट उतार कर दे देता है और उस भिखारी की एक दुर्घटना में मौत हो जाती है। दुनिया समझती है की विजय मर गया और उसे चाहने वाली और उसके नज्मों की प्रशंसक गुलाबो उसकी नज्मों को छपवा देती है। उसके नज्मों की किताब छपते ही विजय मशहूर हो जाता है।

विजय का इलाज मानसिक चिकित्सालय में हो रहा होता है, जहाँ वह अपनी नज्म सुनकर ठीक हो जाता है और अपने चम्पी करने वाले दोस्त अब्दुल सत्तार की मदद से मानसिक चिकित्सालय से भाग जाता है। इधर विजय के दोनों भाई उस प्रकाशक के पास जाकर अपना हिस्सा मांगते हैं, क्योंकि विजय के न रहने की स्थिति में उन्हें विजय के किताब की रायल्टी मिलनी चाहिए। प्रकाशक घोष बाबू यानी मीना के पति उन्हें भगाने वाले होते हैं कि उन्हें पता चलता है कि विजय जिंदा है और कभी भी वापस आ सकता है। वह उन्हें इस बात पार राजी कर लेते हैं कि दोनों भाई विजय को देख कर उसे नहीं पहचानेंगे। यहाँ तक फिल्म बहुत अच्छी है और एक अच्छी फिल्म की तरह अच्छे गीतों, अच्छे अभिनय और अच्छे छायांकन से दर्शकों को बांधे रखती है, लेकिन इसके बाद फिल्म का वह हिस्सा शुरू होता है जो पूरी दुनिया को इस फिल्म का मुरीद बना देता है और हर दौर में कालजयी होने का वरदान दे जाता है।

विजय लौट कर उस दुनिया में वापस आता है, जहाँ वो मरा हुआ मान लिया गया है। उसकी नज्में सबकी जबान पर हैं और लोग उसके मुरीद हुए जा रहे हैं। उससे सम्बन्ध निकलना और उसे अपना परिचित बताने में फख्र महसूस कर रहे हैं। वह दुनिया का यह रूप देखता है और एक गहरी वितृष्णा उसके भीतर भरती जाती है। यह वही दुनिया है जहाँ मरने से पहले सम्मान दिए जाने की परंपरा नहीं है। यह वही दुनिया है जहाँ मौत के बाद बुत बनाए जाते हैं, लेकिन जिंदा रहते कोई आंसू पोंछने नहीं आता। यह वही दुनिया है, जहाँ दुनिया छोड़ देने के बाद सम्मान और सभाएं आयोजित की जाती है और जिंदा इंसान के जज्बात की कोई कद्र नहीं की जाती। यह वही दुनिया है, जहाँ मर चुका आदमी महान और प्रतिभावान बताया जाता है और जिंदा रहते उसे बेकार कहा जाता है और उसकी शायरी की हजामत से तुलना की जाती है। विजय को यह दुनिया नहीं चाहिए, वह इस दुनिया में आग लगा देना चाहता है। उसके भाई, जिनसे उसका खून का रिश्ता है, उसे पैसों के लिए नहीं पहचानते और उसकी प्रेमिका धनवान इंसान से शादी करने के लिए उसे छोड़ चुकी है। वह इस दुनिया की असलियत को समझ चुका है और इसका बहिष्कार कर देता है।

विजय जब सभागार में पहुँचता है तो देखता है कि पूरा सभागार खचाखच भरा हुआ है और उसकी मौत को अपने फायदे का धंधा बनने वाला प्रकाशक माईक पर कह रहा है, 'दोस्तों, आपको पता है कि हम आज यहाँ 'शायर-ए-आजम' विजय मरहूम की बरसी मनाने इकठ्ठा हुए हैं। पिछले साल आज ही के दिन वह मनहूस घडी आई थी, जिसने इस दुनिया से 'इतना बड़ा शायर' छीन लिया। अगर हो सकता तो मैं अपनी सारी दौलत लुटा कर, खुद मिटकर भी विजय को बचा लेता लेकिन ऐसा हो ना सका.....काश आज वह जिंदा होते तो देख लेते कि जिस दुनिया ने उन्हें भूखा मारा, वही दुनिया उन्हें हीरों और जवाहरातों में तौलना चाहती है. जिस दुनिया में वह गुमनाम रहे वही दुनिया उन्हें दिलों के तख़्त पर बिठाना चाहती है, उन्हें शोहरत का ताज पहनना चाहती है, उन्हें गरीबी और मुफलिसी की गलियों से निकाल कर महलों में राज कराना चाहती है'।

विजय एक संवेदनशील शायर है, उसकी शायरी चीख उठती है, ह्ये महलों ये तख्तों ये ताजो की दुनिया, ये इंसा के दुशमन समाजों की दुनिया, ये दौलत के भूखे रिवाजों की दुनिया, ये दुनिया अगर मिल भी जाये तो क्या है॒ वह फिर से वैसी ही एक सभा में माईक पर खड़ा है और सफल हो चुके विजय के जिंदा होने की खबर सुनकर वही दुनिया वहाँ फिर से खड़ी है। वहाँ लोग विजय के असली विजय होने पर शक जाहिर करते हैं। सब कुछ विजय के बोलने पर ही निर्भर करता है और विजय यह कहकर इस दुनिया का बहिष्कार कर देता है कि वह विजय नहीं है। भीड़ गुस्से से पागल हो जाती है और तोड़फोड़ मचा देती है। दौलत शोहरत और सफलता को इस तरह ठुकराना किसी को समझ में नहीं आता। सभी दुनिया के इन्ही पैमानों से विजय को समझाने की कोशिश करते हैं। उसकी पूर्व प्रेमिका मीना उसे समझाती है कि वह ऐसी गलती ना करे। उसके भाई दोस्त सभी उसे पहचान रहे हैं। विजय कहता है कि वो लोग उसके भाई और दोस्त नहीं हैं, वो दौलत के दोस्त हैं। जो लोग कल उसे पहचानने को तैयार नहीं थे, आज वो उसके दोस्त होने का दावा कर रहे हैं। मीना कहती है कि उसे दौलत और शोहरत को नहीं ठुकराना चाहिए, अगर ठुकराना ही है तो उन दोस्तों और उन भाइयों को ठुकराना चाहिए। इस सवाल के बाद विजय वह जवाब देता है कि जो अलग-अलग समय पर समाज में फकीर, संत, शायर और बहुत सारे फक्कड़ लेखक अपने-अपने तरीके से उठाते रहे हैं। वह कहता है, 'मुझे उन लोगों से कोई शिकायत नहीं, मुझे किसी इंसान से कोई शिकायत नहीं. मुझे शिकायत है समाज के उस ढांचे से जो इंसान से उसकी इंसानियत छीन लेता है, मतलब के लिए अपने भाई को बेगाना बनाता है... मुझे शिकायत है उस तहजीब से, उस संस्कृति से जहाँ मुर्दों को पूजा जाता है और जिंदा इंसान को पैरों तले रौंदा जाता है'। वह मीना से कहता है कि वह दूर जा रहा है। उसके वहाँ से जाते समय उसके पीछे ढेर सारे कागजों के उड़ने का दृश्य वीके मूर्ति ने कमाल का फिल्माया है मानो विजय अपने पीछे अपनी सारी नज्मों को बिखरा कर जा रहा हो, जो दुनिया के साथ हमेशा बनी रहेंगी।

फिल्म के अंत पर फिल्म के लेखक अबरार अल्वी और गुरु दत्त के बीच दो राय थी कि अंत कैसा रखा जाए और आखिर में गुरुदत्त द्वारा प्रस्तावित अंत रखा गया, जो फिल्म के मूड पर सटीक तो नहीं बैठता, लेकिन आशावादी है। आशावादी इस मायने में कि पूरी दुनिया स्वार्थी हो जाए तो भी किसी न किसी रिश्ते में स्वार्थहीनता कभी ना कभी बची हुई मिलती है। वो जीने का कारण देती है, जिसके कारण दौलत और सफलता के खोखलेपन के बावजूद यहाँ जिया जा सकता है। साहिर के गीत, मूर्ति का कैमरा और बड़े बर्मन का संगीत, सब मिलाकर एक ऐसी सृष्टि की रचना करते हैं, जो डुबा देती है, एक ऐसी कृति का निर्माण होता है जो लंबे समय के लिए खाली कर देती है। फिल्म से कुछ लोगों की शिकायत इसकी धीमी गति की है जो इसके संवेदनशील विषय को देखते हुए निराधार है। फिल्म के विषय के हिसाब से यह वाकई धीमी और लगभग निराशावादी है, लेकिन यही इसकी खूबसूरती है। वैसे तो फिल्म की मोनोटोनी को तोड़ने के लिए जॉनी वाकर को और उनके चम्पी गीत को डाला गया है पर इसके बावजूद विजय का तनाव दर्शकों के सिर पर चढ़ कर बोलता है, क्योंकि वह बहुत जीवंत है। फिल्म को टाईम पत्रिका ने 2005 में दुनिया की 100 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में रखा था और अभी इस वर्ष वैलेंटाईन डे के अवसर पर इसे 10 रोमांटिक फिल्मों की सूची में रखा है।

BRIEF NEWS

## महासभा ने की अधिवक्ता के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग

**RANCHI :** अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने अधिवक्ता गोपाल कृष्णा की हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। इस संबंध में महासभा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र सौंपा गया है। साथ ही यह भी मांग की गयी है कि गोपाल कृष्णा परिवार में इकलौता कमाने वाले थे, उनके पिता रिटायर्ड कर चुके हैं , उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पूरा परिवार उन्ही पर आश्रित था , उनके परिवार के भरण पोषण के लिये कम से कम रुपए 50 लाख के आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। अधिवक्ता के परिवार से किसी एक को सरकारी नौकरी दिलायी जाए। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को अधिवक्ता गोपाल कृष्णा की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। महासभा में लोगों ने प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## राहुल चौधरी बने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

**RANCHI :** प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाजपा नेता राहुल कुमार चौधरी को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व चौधरी महानगर अध्यक्ष रांची गो संवर्धन प्रकोष्ठ,महानगर अध्यक्ष जल प्रबंधन प्रकोष्ठ, रांची महानगर प्रवक्ता, और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके है। इनके प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, मुकेश मुक्ता, ओम प्रकाश, प्रेम वर्मा सहित कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है ।

## युवा आजसू महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन आज

**RANCHI :** हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में रविवार को रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में रांची महानगर के विभिन्न वार्ड के युवा आजसू के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सभी प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही आगे के कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा भी होगी। रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद सुदेश कुमार महतो पार्टी कार्यालय, बुंडू में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होंगे। इस मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में पूर्व अभियंता सिंगराय टूटी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### दारोगा की हत्या के बाद डीजीपी ने बुलाई हाईलेवल मीटिंग, थानेदारों की जमकर लगाई क्लास

# डीजीपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दिए निर्देश कहा- हर हाल में लगाएं अपराध पर अंकुश

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को रांची के सभी थानेदारों की जमकर क्लास लगाई। डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि हर हाल में राजधानी में अपराध पर ब्रेक लगाएं। साथ ही पुलिसकर्मी किसी भी विवाद में न पड़ें, अन्यथा उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। राजधानी रांची की कानून-व्यवस्था कैसे बेहतर हो, पुलिस किस तरह से काम करें कि अपराधियों पर नकेल कसा जा सके इसे लेकर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को रांची के सभी थानेदारों के साथ बैठक की। डीजीपी के द्वारा बुलाई गई बैठक में रांची आईजी, डीआईजी, सीनियर एसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित सभी डीएसपी और थानेदार शामिल हुए। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी थानेदारों को साफ-साफ शब्दों में निर्देश दिया है कि वह बेहतर पुलिसिंग करें। अगर पुलिस वाले बेहतर काम करेंगे, तो राज्य पुलिस का इकबाल बुलंद होगा। इसलिए जरूरी है कि सभी पुलिस वाले वर्दी का मान रखें। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि वह नशे के कारोबार सहित दूसरे तरह के अपराधों पर नकेल कसने के काम करें। इसके लिए लगातार अभियान चलाने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि अगर कोई पुलिस वाला किसी विवाद में पड़ता है या फिर जमीन के विवाद में उसका नाम आता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डीजीपी ने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि वह एंटी करप्शन ब्यूरो के भी डीजी हैं, ऐसे में अगर जमीन मामले में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आएगी तो उन पर एसीबी भी कार्रवाई करेगी।

बैठक के बाद शोक व्यक्त करते डीजीपी अनुराग गुप्ता व अन्य पुलिस पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

### डीजीपी पहुंचे रिम्स, अधिकारियों से ली जानकारी

डीजीपी अनुराग गुप्ता स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या की जानकारी मिलते ही शनिवार को रिम्स पहुंचे। डीजीपी ने अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली।आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अलावा कई अधिकारी पहले से रिम्स में मौजूद थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट तौर पर रांची जिला में पदस्थापित पुलिसकर्मियों को हिदायत और चेतवानी देते हुए कड़े लहजे में कहा कि रांची की स्थिति पर उनकी पैनी नजर है और कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं होगी। रांची में रहनेवाले पुलिसकर्मी अपनी कार्यशैली सुधारे या रांची से हटने को तैयार रहे। स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम की हत्या पर उन्होंने कहा कि जांच में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और जो भी दोषी होंगे उन्हें पकड़ा जाएगा। इसके बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता रांची समाहरणालय स्थित एसएसपी ऑफिस पहुंचे वहां पुलिस पदाधिकारी और जिले के सभी थानेदारों के साथ विधि व्यवस्था को लेकर बैठक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हत्या को लेकर ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है, जिसमें कई डीएसपी और थानेदार को एसआईटी में शामिल किया गया है।

### दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों से मिले डीजीपी

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र मधुकम स्थित महुआ टोली में सिविल कोर्ट के वकील गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की शुक्रवार को हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दूसरे दिन शनिवार को डीजीपी डीजीपी अनुराग गुप्ता अधिवक्ता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। डीजीपी ने मृतक गोपी बाबू की मां, पत्नी से काफी देर तक बातचीत की। उन्हें अपराधियों के जल्द से गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया, लेकिन घरवालों को इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं होने के कारण कुछ बता न सकें। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मौके पर पत्रकारों से कहा कि एसएसपी की पूरी टीम जांच में जुटी है। तकनीकी शाखा भी सुराग ढूंढ रही है। अपराधियों की पहचान हो गयी है। उनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उम्मीद है जल्द अपराधी रांची पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को हत्या के बाद एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी अनुसंधान करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## सब-इंस्पेक्टर अनुपम हत्याकांड की जांच शुरू, 14 लोग हिरासत में

घटना के बारे में लोगों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की कांके थाना क्षेत्र के रिंग-रोड में हुई हत्या की घटना को लेकर एसआईटी टीम ने अनुंसधान शुरू कर दिया है। मामले में पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में दो डीएसपी, आठ इंस्पेक्टर और पांच सब-इंस्पेक्टर को एसआईटी टीम में शामिल किया गया है। घटनास्थल पर एफएसएल के विशेषज्ञ दल ने घटनास्थल का मुयायना कर घटना से जुड़े प्रदर्श और खोखा जब्त किये है। घटनास्थल और अपराधियों के आने और जाने के सभी संभावित मार्गों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अनुसंधान के क्रम में अन्य व्यक्तियों के साथ-साथ उन 14 व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही है जो हत्या की घटना से पूर्व मृतक के साथ बर्थडे पार्टी में शामिल थे तथा अनुसंधान के सभी मानवीय और तकनीकी सूचना के बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। घटना की गंभीरता देखते हुए पुलिस डीआईजी अनुप बिरथरे, एसएसपीचंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के जरिये घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

## रिम्स पहुंचे बाबूलाल मारंडी, सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप के परिजनों से की मुलाकात

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को रिम्स पहुंचे। उनके साथ कांके के विधायक समरी लाल भी थे। बाबूलाल मरांडी ने डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से घटना की जानकारी ली। इसके बाद मरांडी ने मृतक की पत्नी से मिलकर जानकारी ली और भरोसा दिया कि अपराधी जल्द से जल्द पकड़े जाएंगे। मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में मरांडी ने कहा कि घटना दुखद है। बेखौफ अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर की हत्या की है। तत्परता के साथ बिना विलंब किए अपराधी को पकड़ना चाहिए। दूसरी ओर, मरांडी ने स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि एक युवा आदिवासी पुलिस अफसर का असमय इस दुनिया से चला जाना अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि निजी स्वार्थ के लिए राजधानी रांची तक को अयोग्य अफसरों के हवाले कर बारूद के ढेर पर बैठा दिया गया है।

## चौकीदारों का प्रदर्शन स्थगित, कल से जेल भरो आंदोलन की दी चेतावनी

**RANCHI :** कई दिनों से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन दे रहे झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत से जुड़े चौकीदार और दफादार अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। शविवार को प्रदर्शन कर रहे लोग नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे। हालांकि उन्हें बीच में ही पुलिस ने रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के रोके जाने के बाद आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने आंदोलित चौकीदारों-दफादारों को समझाने की कोशिश की।

## वर्तमान सरकार के राज में विधायिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका भी सुरक्षित नहीं : अमर कुमार बाउरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखण्ड की वर्तमान जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद वाली सरकार के राज्य में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि आम जनता भगवान से यह प्रार्थना करने की मजबूर है कि कब इस झूठी सरकार का राज खत्म हो और भाजपा की सरकार आये। उन्होंने राज्य की चरमराई विधिव्यवस्था पर चिन्ता जतायी।बताया कि दो दिन में ही राज्य में एक दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। अधिवक्ता गोपीकृष्णा की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। वहीं एक जनप्रतिनिधि वेद प्रकाश का निधन आज हो गया जिन्हें कुछ दिन पहले अपराधियों ने गोली मार दी थी। नेता प्रतिपक्ष ने चिन्ता जताते हुए कहा कि राज्य में अभी तक इस सरकार के कार्यकाल में 7000 से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। यहां की सरकार आदिवासी छात्रों पर लाठियां चलवाने से भी परहेज नहीं कर रही क्योंकि उन्हें राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जगह तैयार करनी है।

पत्रकारों को जानकारी देते नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## पूर्व पार्षद वेद प्रकाश का दिल्ली के एम्स में निधन

**PHOTON NEWS RANCHI :** शनिवार को वार्ड 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह की दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। 7 जुलाई 2024 को उन्हें गोली मार दी गई थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता वेद प्रकाश को उस वक्त गोली मारी गई थी, जब वह धुर्वा बस स्टैंड के पास एक दुकान पर बैठे थे। पहले उन्हें पारस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए बाद में दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। 7 जुलाई की शाम 7 बजे के करीब धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित यदुवंशी स्पोर्ट्स वीयर दुकान के बाहर 3 अपराधियों ने उन पर गोली चलाई थी। इस घटना को अंजाम देने के बाद जब अपराधी भाग रहे थे, तभी उनमें से एक के हाथ से देसी कट्टा गिर गया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जलमग्न मोहल्लों के लोगों से की मुलाकात, जानी परेशानी

**PHOTON NEWS RANCHI :** महज एक दिन की बारिश में पूरी रांची जलमग्न हो गई। रांची शहर में हर तरफ पानी ही पानी है। इस बारिश और पानी के बीच शनिवार को सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने मोहल्लों के लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि दुःखद आश्चर्य इस बात का है कि राहत देने के लिए सरकार-प्रशासन के पास कोई तैयारी नहीं है। रांची के सैंकड़ों परिवार अपने-अपने घरों में कैद हैं। इस दौरान बांधगाड़ी की स्थिति बहुत भयावह दिखी। अपार्टमेंट और सोसाइटीज में रहने वाले सैकड़ो परिवार घरों में बंधक बने हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दो दिन से कई मोहल्लों में बिजली-पानी नहीं है। सब त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। मौके पर से ही मंत्री ने रांची के उपायुक्त और नगर निगम के आयुक्त से बात कर अविलंब राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। इससे पहले बच्चों और महिलाओं के खाने की व्यवस्था करें। इनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें। रांची की ऐसी भयावह स्थिति आज से पहले देखने को नहीं मिली थी। प्रशासन सजगता से कार्य करे। केंद्रीय मंत्री ने भीषण बारिश के कारण रातू क्षेत्र में एनएच-75 के मुरगू पुल के बहे हुए डायवर्सन का भी निरीक्षण किया।

लोगों से मिलते संजय सेठ।

## सेना भर्ती रैली में धनबाद व चतरा के युवाओं ने दिखाया दमखम

**PHOTON NEWS RANCHI :** सेना भर्ती रैली में आठवें दिन शनिवार को चतरा और धनबाद जिले के युवाओं ने अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों ने खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे। सेना भर्ती प्रक्रिया सिर्फ और सिर्फ निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ की जाती हैं। एक उम्मीदवार सिर्फ अपने मेहनत और प्रयास के जरिये ही चयनित हो सकता हैं। दलालों के बहकावें में ना आये वो सिर्फ आपको गुमराह कर सकते हैं। हर आने वाला उम्मीदवार सिर्फ अपनी खुद की मेहनत की वहज से सफलता हासिल करता है । सैन्य और असैन्य खुफिया विभाग बड़ी मुस्तेदी के साथ सक्रिय हैं।

### बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने दी जानकारी

# मंइयां योजना से जुड़ेंगी 50 लाख महिलाएं

**PHOTON NEWS RANCHI :** बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख महिलाएं लाभान्वित होगी।

योजना में आवेदन करने के लिए राशन कार्ड जरूरी है। जेरोक्स किया हुआ आवेदन भी मान्य होगा। वोटर कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता भी आवेदन के लिए जरूरी है। वर्तान में दिसंबर माह तक के लिए बिना आधार लिंक बैक खाते में भी राशि दी जायेगी। आवेदन फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। आगामी 21 अगस्त से पोर्टल के माध्यम से आवेदन जमा किये जा सकते हैं। सचिव ने बताया कि मंईयां योजना के तहत सरकार महिलाओं को 12 हजार रुपया सालाना सहायता राशि देगी। इस काम को विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। इसके लिए वाररूम भी बनाये गये हैं। योजना को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर कैंप लगाये जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय स्तर पर सभी जिलों के डीएसडब्लूओ, सीडीपीओं को आदेश दिये गये हैं। जैप आईटी द्वारा इस योजना का पोर्टल तैयार किया गया है। इस योजना को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लॉन्च किया था। पहले दिन 4 बजे शाम तक कुल 2582 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन अपलोड करने में नेटवर्क स्लो होने की वजह से कुछ तकनीकी अड़चनें आयी थीं जिन्हें दूर कर लिया गया है।

अधिकारियों के साथ बैठक करते विभागीय सचिव मनोज कुमार। ● फोटोन न्यूज

### पोर्टल के माध्यम से ही होगा सत्यापन

मनोज कुमार ने बताया कि जैप आईटी द्वारा तैयार किये गये पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन का सत्यापन किया जा रहा है। योजना के लिए बनाये गये पोर्टल पर एक घंटे में ही 36 हजार हिट प्राप्त हुए हैं। साथ ही एक दिन में करीब 15 लाख हिट हुए हैं। कैप के पहले दिन प्रत्येक कैंप में करीब 800-1000 लोग आ रहे हैं। योजना की जागरूकता के लिए 2 अगस्त को प्रचार वाहन रवाना किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभाग के अपर सचिव अभय नंदन अंबष्ट, निदेशक शशि प्रकाश झा, सहायक निदेशक प्रियंका श्रीवास्तव, सहायक निदेशक शत्रुंजय कुमार, जैप आईटी निरंजन कुमार, सीएसी से अनुपम उपस्थित थे।

## पांच करोड़ 29 लाख का ब्राउन शुगर बरामद, पुलिस ने पांच को किया अरेस्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** पुलिस ने रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए तस्करी के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

साथ ही ढाई किलोग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े छह किलोग्राम से अधिक अफीम, नकद 15 लाख 14 सौ रुपये, पांच मोबाइल, एक क्रेटा कार (जेएच 01ईके-6290) के अलावा ब्राउन शुगर बनाने के प्रयोग में आनेवाली दो मशीन, गैस चूल्हा, गैस सिलिंडर सहित बड़ी मात्रा में अन्य सामान बरामद किये हैं। बरामद ब्राउन शुगर और अफीम की अनुमानित मूल्य पांच करोड़ 29 लाख रुपये है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शनिवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी के मारंगहादा थानांतर्गत बिचागुटू गांव के सनिका पाहन (27), चतरा जिले के इटखोरी थानांतर्गत नगवा गांव के तुलेश्वर कुमार (26), वीरेंद्र कुमार दांगी (28), रवि दांगी तथा हजारीबाग जिला के चौपारण थानांतर्गत जोकट गांव के उमेश कुमार दांगी उर्फ साजन कुमार (24) शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि दो अगस्त की रात में पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर हूंट गांव के पास एंबुश लगाकर अफीम की खरीद-बिक्री करने आये क्रेटा कार में सवार आरोपित तुलेश्वर कुमार, वीरेंद्र कुमार दांगी और उमेश कुमार दांगी के साथ ही सनिका पाहन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर कार से भारी मात्रा में अफीम, ब्राउन शुगर, नगद राशि और अन्य सामान बरामद किए गए।

बरामद ब्राउन शुगर व पकड़े गए आरोपी। ● फोटोन न्यूज

## समाचार सार

### अवैध बालू उठाव करने गए चार ट्रैक्टर नदी में फंसे

**GIRIDIH :** गिरिडीह समेत आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार रुक-रुक हो रही बारिश के कारण क्षेत्रीय नदियां उफान पर हैं।

नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इस बीच शनिवार को अवैध बालू उठाव करने बराकर नदी में गये चार ट्रैक्टर बीच नदी में फंस गए। इनमें से दो ट्रैक्टर पलट गये। जलस्तर बढ़ता देख मजदूर और चालक किसी तरह बाहर निकल आए लेकिन चारों ट्रैक्टर वहीं फंसे हैं। ट्रैक्टर मालिक किसी तरह वाहन बाहर निकालने में जुटे हैं।

### दामोदर नदी उफान पर, सैकड़ों घरों में घुसा पानी

**RAMGARH :** जिले में दामोदर नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया है कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में बाढ़ का पानी घुस गया है। रामगढ़ शहर के गोलपार, पुरनी मंडप में बसे आजाद बस्ती के लगभग सारे घर जलमग्न हो गए हैं। लोगों को भारी नुकसान हुआ है। अनाज और जरूरत की चीजें पानी की वजह से नष्ट हो गई हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि लोगों की मदद कर रहे हैं।

### गिरिडीह में दीवार गिरने से महिला की मौत

**GIRIDIH :** सरिया थाना इलाके के ग्राम लुतीयानो में शनिवार को मिट्टी की दिवार गिरने से मीना देवी (40) की मौत हो गई। बताया गया कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण घर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया। इस बीच दीवार गिरने की घटना उस समय जब घर के अन्य सदस्य सो रहे थे और महिला शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी। सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो घटनास्थल पर पहुंचे और उपायुक्त गिरिडीह एवं सरिया बीडीओ से फोन पर वार्ता कर आपदा राहत से मिलने वाली मुआवजा की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

### खपरैल मकान धंसा, बाल-बाल बचा परिवार

**HAZARIBAGH :** जिले के इचाक प्रखंड के फुरुका गांव में खपरैल मकान शनिवार को धंस गया। इस घटना में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। गोपाल शर्मा शारीरिक रूप से दिव्यांग है। जर्जर घर में ही निःशक्त दंपती तीन बच्चों के साथ गुजारा कर रहा है। जर्जर घर का एक कमरा धंस जाने से दूसरे कमरे की दीवार में मोटी दरार आ गयी। राज देवी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से आवास के लिए गुहार लगा रही हूं लेकिन मुझे अब तक आवास नहीं मिला। मुखिया मीना देवी ने गोपाल के परिजनों को उसके भाई के घर में रहने की व्यवस्था करायी।

### कालीमाटी संघर्ष समिति की पदयात्रा आज

**JAMSHEDPUR :** कालीमाटी संघर्ष समिति द्वारा रविवार को पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पद यात्रा रविवार को निकलेगी। इसका नेतृत्व जमशेदपुर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके सामाजिक कार्यकर्ता सौरव विष्णु करेंगे। सौरव विष्णु ने बताया कि पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य जमशेदपुर इंडस्ट्रियल टाउन को लेकर है। इंडस्ट्रियल टाउन कमेटी में जन प्रतिनिधियों के मजबूत प्रतिनिधित्व मिले, ताकि जनता की आवाज को सही मंच पर सुना जा सके। इसे लेकर ही जन जागरण पदयात्रा निकाली जा रही है। पद यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से साकची गोलचक्कर तक जाएगी और यह पद यात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी।

### मीनू त्रिपाठी व डॉ. कल्याणी कबीर होंगे पुरस्कृत

**JAMSHEDPUR :** बहुभाषीय साहित्यिक संस्था सहयोग और डॉ वीणा रानी श्रीवास्तव न्यास, पटना के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कदमा में 'वैदुष्य-मणि डॉ.वीणा रानी श्रीवास्तव सम्मान और डॉ. वीणा रानी श्रीवास्तव प्रभा सम्मान' दिया जाएगा। डॉ.वीणा रानी श्रीवास्तव शिक्षाविद् और संस्कृतिकर्मी थी, जिनकी प्रेरणा से बहुभाषीय साहित्यिक संस्था सहयोग की नींव पड़ी। इस वर्ष राष्ट्रीय -अन्तराष्ट्रीय स्तर पर बाल कहानी लेखन और बाल कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें बाल कथा के लिए प्रथम पुरस्कार वैदुष्य मणि डॉ.वीणा रानी श्रीवास्तव, पुरस्कार नोएडा की साहित्यकार मीनू त्रिपाठी को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के साथ 11 हजार नकद भी दिया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार बृजेन्द्र नाथ मिश्रा और तृतीय पुरस्कार राकेश रमण को दिया जाएगा। वहीं बाल कविता के लिए डॉ.वीणा रानी श्रीवास्तव प्रभा ह्यसम्मान 11 हजार की राशि के साथ कवयित्री डॉ.कल्याणी कबीर को प्रदान किया जाएगा। द्वितीय-बसंत जमशेदपुरी एवं शिप्रा सैनी मौर्या को तथा तृतीय पुरस्कार पामेला घोष दत्ता को बाल कविता के लिए प्रदान किया जाएगा ।

### इनर व्हील क्लब ने कुष्ठ रोगी को दिया ह्वील चेयर

**JAMSHEDPUR :** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने बाराद्वारी स्थित प्रेम आश्रम में रह एक कुष्ठ रोगी को व्हील चेयर दान की। पीड़ित रोगी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही थी। व्हील चेयर विजया गोखले द्वारा दान किया गया है। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष मधुमिता सान्याल,सचिव सचिंता दे, डॉ. मीना मुखर्जी, भूतपूर्व अध्यक्ष सोनाली मोहंती, विजया गोखले वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

### 16 नीड बेस्ड शिक्षकों को मिली शैक्षणिक कार्य की अनुमति

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुड एकेडमिक कॅरियर को लेकर शैक्षणिक कार्य से रोकने संबंधी अपने निर्णय पर उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश का अनुपालन करते हुए शनिवार को 16 शिक्षकों को सेवा प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी है। विश्वविद्यालय के इस आदेश पर झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडय कहा कि पिछले 40 दिनों से मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेल रहे शिक्षकों को अब राहत मिली है। अगर उच्च न्यायालय की ओर से विवि की नोटिस पर स्थगन आदेश नहीं दिया जाता, तो शिक्षकों की प्रताड़ना जारी रहती। राकेश पांडय ने विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि शेष वैसे शिक्षकों को भी शैक्षणिक कार्य जारी रखने का आदेश दिया जाए, जिन्हें कुछ न कुछ कारण बता कर शैक्षणिक कार्य से वंचित कर दिया गया है।

# बारिश के कारण तेनुघाट डैम के खोले गए आठ रेडियल गेट

## नदी किनारे रहने वालों को दी गई हिदायत, अपने सामान के साथ सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश

**PHOTON NEWS BOKARO :** जिले में लगातार हो रही लगातार बारिश के कारण तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट को खोल दिए गए हैं। दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलाशय का पानी लगभग 1,00,000 फीट बढ़ने की संभावना है, जिसको देखते हुए डैम (जलाशय) का रेडियल गेट खोले गए हैं। जलाशय में 865 फीट पानी रखने की क्षमता है।

वर्तमान समय जलाशय में अपराह्न 12:00 बजे तक 860 फीट है। वहीं, 885 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। नदी के किनारे नहाने वालों को हिदायत दी गई है कि जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी में न जाय, जिससे कोई नुकसान हो। साथ ही नदी के किनारे रहने वाले को हिदायत दी जाती है कि अपने सामानों के साथ सुरक्षित जगहों पर चले जाएं। सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि लगातार हो रहे बारिश एवं जलाशय (डैम) के पिछले भाग से अधिक पानी आने के कारण सुरक्षा को देखते हुए तत्काल चार गेट खोले गये। फिर अपराह्न 12:00 बजे के बाद जलाशय में पानी अधिक बढ़ने के कारण चार अतिरिक्त रेडियल गेट खोले गये। इस तरह कुल आठ रेडियल गेट खोले गए हैं तथा आगे जरूरत पड़ने पर और भी गेट खोले जाएंगे। नदी किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों को इस बात की सूचना दे दी गई है। लोगों से अपील है कि लोग नदी किनारे से दूर रहें।

- जलाशय में 865 फीट पानी रखने की है क्षमता
- जरूरत पड़ने पर और भी गेट खोले जाएंगे : रंजीत

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में घुसा बाढ़ का पानी

**RAMGARH :** रामगढ़ जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से नदियों में बाढ़ आ गई है। दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर अचानक से बढ़ गया है। भैरवी नदी में बाढ़ आने की वजह से रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में भी पानी घुस गया है। वहां श्रद्धालुओं के लिए मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है। दूसरे द्वारा से श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया जा रहा है। भैरवी नदी का पानी बली स्थल तक पहुंच गया है। साथ ही अन्य रास्तों में भी पानी घुस गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। रजरप्पा मंदिर के मुख्य द्वार के पास सैकड़ो दुकानों में पानी घुस जाने की वजह से भारी नुकसान हुआ है। रामगढ़ जिला प्रशासन और मंदिर न्यास समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। साथ ही नदी में स्नान करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि अभी बाढ़ आई हुई है जिसकी वजह से जान माल की क्षति होने की संभावना है। अगस्त श्रद्धालु अभी नदी में नहाने के लिए घुसते हैं तो उन्हें खतरा हो सकता है। रामगढ़ में भी जिला प्रशासन ने दामोदर नदी के किनारे रहने वाले लोगों को हाई अलर्ट किया है यहां तक कि पशुपालकों को भी नदी के किनारे नहीं जाने की हिदायत दी है।



## 10 की संख्या में हथियारों से लैस बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

# महिलाओं को बंधक बना की चार लाख की डकैती

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नावाटाड़ निवासी गंगा ठाकुर के घर में डकैती हुई है। जानकारी के अनुसार पिंटू सिंह के ईंट-भट्ठे के सामने गंगा ठाकुर के घर बीती रात लगभग 9.30 बजे 10 की संख्या में हथियार से लैस डकैत घर में घुसकर घर को बंद कर एक-एक महिला से आभूषण, ज्वेलरी लगभग तीन से चार लाख रुपये और नकदी 50 हजार रुपये लूट कर चले गए। डकैतों ने सभी को अपने कब्जे में लेकर मोबाईल आदि लूट लिया था। लगभग एक घंटा तक लूटपाट कर बाहर से दरवाजा बंद कर चले गए। शोर मचाने के बाद अगल बगल के लोग जुटे। तबतक डकैत वहां से निकल गए थे। घटना के तुरन्त बाद इसकी सूचना नौडीहा बाजार पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी अमित द्विवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर लुटपाट की जानकारी ली। उन्होंने सीमावर्ती थानों को सूचित कर छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। भुक्तभोगी गंगा ठाकुर के पुत्र अनूप ठाकुर ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। थाना प्रभारी ने बताया कि लूट तो हुई है। डकैतों को पकड़ने के लिए सभी थाना, चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया है।

डकैती की घटना के बाद बिखरे सामान। ● फोटोन न्यूज

### दुकान से डेढ़ लाख नकद समेत हजारों की चोरी

**KODARMA :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष चौक के समीप एक राशन की दुकान में चोरी हो गई। मामले को लेकर दुकान के संचालक दिनेश कुमार ने कहा कि शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे वह दुकान को बंद कर दुकान के पीछे स्थित घर चला गया था। शनिवार को दुकान खोलने पर सामानों को बिखरा हुआ पाया और गल्ले का कैश भी बिखरा था। इसके बाद उसने देखा कि दुकान के छप्पर को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। उसने जब गल्ले को चेक किया तो उसमें करीब डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। इसके अलावा 60 से 70 हजार के कीमती सामान भी चोरी कर ली गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने पर जख्मी बदमाश ने किया सरेंडर

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुराकला में पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से जख्मी बदमाश ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। जख्मी हालत में मिलने के कारण उसे पुलिस सुरक्षा में एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी पहचान खुराकला के विशाल चौधरी के रूप हुई है। उसके खिलाफ चैनपुर, रामगढ सहित अन्य थानों में मामले दर्ज हैं। विशाल को कंधे में गोली लगी है। कंधा फैक्चर कर गया है। गुमला में हुई ज्वेलरी शॉप लूट कांड में विशाल चौधरी की संलिप्त है या नहीं इसके लिए उससे पूछताछ की जा रही है। विशाल 24 जुलाई को मेदिनीनगर सेंट्रल जेल से बाहर आया था। पंडरा और गुमला ज्वेलरी शॉप लूट कांड में शामिल मोनू सोनी उर्फ बुकिंग की सूचना पर शुक्रवार को खुराकला कला गई पुलिस के साथ लुटेरों की मुठभेड़ हो गई थी। एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान विशाल चौधरी ने शनिवार कहा कि शुक्रवार को एक अपाचे मोटरसाइकिल पर मोनू और उसका भाई सोनू और वह स्वयं चैनपुर में घूम रहे थे। मोनू से कहा कि उसे घर छोड़ दे। सोनू चैनपुर में ही उतर गया जबकि मोनू उसे छोड़ने के लिए खुराकला पहुंचा। उसे बाल कटवाना था। जैसे ही गांव में पहुंचे कि पुलिस वहां पहुंच गई।

घायल बदमाश। ● फोटोन न्यूज

## बागबेड़ा थाना में किन्नरों ने जमकर मचाया उत्पात

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा थाना परिसर में बीती रात किन्नरों ने जमकर बवाल किया। इस दौरान लगभग तीन घंटे तक थाना में हंगामा और तोड़फोड़ चलता रहा। किन्नरों ने थाना में रखे गमले तोड़ दिए। थाना परिसर में खड़ी एक कार का शीशा भी तोड़ दिया। क्यूआरटी ने किन्नरों पर लाठियां बरसानी शुरू कर दीं, जिससे तीन किन्नर घायल भी हुए। इधर, शनिवार को किन्नर एसएसपी कार्यालय पहुंचे और एसएसपी किशोर कौशल से मामले की लिखित शिकायत की। किन्नरों ने बताया कि शुक्रवार रात वे लोग पार्टी करके आ रहे थे। इसी बीच गुदड़ी बाजार के पास थाना का चालक प्रदीप और अन्य पुलिस कर्मियों ने रोका। रोकने का कारण पूछने पर पुलिस हाथापाई पर उतर आयी और मारपीट शुरू कर दिया। वे लोग रात को ही शिकायत करने बागबेड़ा थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने सुबह आकर शिकायत करने को कहा। सुबह 8 बजे थाना पहुंचने पर बताया गया कि उक्त चालक पर कार्रवाई करते हुए लाइन क्लोज कर दिया गया है। हालांकि लाइन क्लोज का प्रमाण मांगने पर पुलिस ने कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। सोनू किन्नर ने बताया कि रात 10 बजे दोबारा थाना जाने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी बीच ऊन लोगों ने कार्रवाई की मांग की, तो पुलिस ने लाठियां बरसानी शुरू कर दी। इस घटना में इसके अलावा शिल्पी सिंह और पूजा किन्नर भी घायल हो गई। इधर बागबेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि सभी किन्नर नशे में धुत्त थे। किन्नरों ने गार्ड रूम में घुसकर हथियार छीनने का प्रयास किया।

घायल किन्नर। ● फोटोन न्यूज

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : एसएसपी

मामले को लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि किन्नरों ने मामले की शिकायत की थी, जिस पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम को जांच की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तकनीकी शिक्षक संघ ने आठ सूत्री मांगपत्र सौंपा

**HAZARIBAGH :** विभावि व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल विभावि कुलसचिव से शनिवार को मिलकर मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में पूर्व से लंबित आठ मांगों को पूरा करने की मांग विभावि प्रसाशन से की हैं। इसके लिए पूर्व से कई बार मांग पत्र विभावि को सौंपा गया है, लेकिन इसपर कोई कार्रवाई विभावि नहीं कर रही है। संघ ने कहा है कि एक सप्ताह के अंदर विभावि मांगों पर कोई कार्रवाई नही करती है तो संघ विरोध प्रदर्शन करेगा। आठ सूत्री मांग पत्र में विभावि से स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के शिक्षकों के लिए यूजीसी दिशा निदेर्शों के अनुसार नियमित वेतन वृद्धि (सातवां वेतनमान) लागू करने की मांग की गई हैं। यूजीसी मानदंडों के अनुसार झारखंड विश्वविद्यालय विधि नियमावली द्वारा निर्धारित आकस्मिक अवकाश लागू करने, यूजीसी एवं अन्य नियामक निकायों द्वारा अनुशंसित सम्मेलनों, कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लेने सहित व्यावसायिक विकास के अवसरों को सुविधाजनक बनाने, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति लाभों का समय पर वितरण सुनिश्चित करने की मांग शामिल हैं।

## सीएम मंइयां सम्मान योजना के पहले दिन 446 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री

योजना का शुभारंभ करते मंत्री बन्ना गुप्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड सरकार की ओर से किसी भी पेंशन योजना का लाभ नहीं पाने वाली 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ देते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये सम्मान राशि दी जाएगी। इस योजना के योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए जिला अंतर्गत 231 पंचायत एवं चार नगर निकायों के 24 स्थानों पर विशेष शिविर लगाया गया। सभी स्थानों में विशेष शिविर 10 अगस्त तक प्रतिदिन लगाए जाएंगे। शाम 6 बजे तक सभी प्रखंडों को मिलाकर 446 आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की गई । पंचायत स्तरीय एवं शहरी क्षेत्र के विशेष शिविर का उद्घाटन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायकों ने किया, जिसमें मंत्री बन्ना गुप्ता, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती तथा पोटका विधायक संजीव सरदार समेत पंचायत जनप्रतिनधि शामिल थे।

### नहीं खुली वेबसाइट सैकड़ों महिलाएं लौटीं

**CHAKRADHARPUR :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में वेबसाइट ही नहीं खुली, जिससे सैकड़ों महिलाएं बिना आवेदन दिए शाम को लौट गईं। साइट नहीं खुलने के कारण एक भी फॉर्म अपलोड नहीं हो सका। महिलाओं ने इसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई एवं 20 सूत्री अध्यक्ष दोराय जोंकों के पास दर्ज कराई। मिथुन गागराई ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या पर विधायक सुखराम उरांव से बातचीत की जाएगी। महिलाएं कृषि कार्य छोड़कर 1 हजार रुपये के लिए पंचायत भवन आई थीं।

## हावड़ा मुंबई मेल हादसे की जांच के तीसरे दिन 17 रेल कर्मियों से पूछताछ

**CHAKRADHARPUR :** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो व राजखरसंवा रेलवे स्टेशन के बीच 30 जुलाई को हुई दुर्घटना की जांच के क्रम में तीसरे दिन भी रेल कर्मचारियों से पूछताछ जारी रही। शनिवार को कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) ब्रजेश कुमार मिश्रा ने हादसे से जुड़े रेलवे के दो विभागों के 17 रेल कर्मियों से चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में पूछताछ की। जिन रेल कर्मियों से पूछताछ की जा रही है, उसमें इंजीनियरिंग और मैकेनिकल विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। सीआरएस हादसे के हर पहलू को ध्यान में रखकर सवाल कर रहे हैं। सभी का जवाब कलमबंद किया जा रहा है। बता दें कि पहले दिन 34 और दूसरे दिन 44 कर्मचारियों से पूछताछ हो चुकी है। पूछताछ की जानकारी रेल मंडल द्वारा अब तक सार्वजानिक नहीं की गयी है। जांच प्रक्रिया को गोपनीय तरीके से आगे बढाया जा रहा है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक शुरू

# ओलिंपिक में महिलाओं का अपमान निंदनीय

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो-दिवसीय केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक का शुभारंभ शनिवार को गिरिडीह जिले के पावनतीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी, पारसनाथ में हुआ।

विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान के जरिये मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थी परिषद की इस केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के पहले दिन पूरे देश में आयोजित हुए विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्गों के दौरान विभिन्न नए प्रयोगों, पर्यावरण गतिविधियों से विद्यार्थियों से जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद के प्रयास, देश की वर्तमान शैक्षणिक तथा सामाजिक स्थिति, विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों आदि विषयों पर चर्चा हुई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पारसनाथ केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक में पेरिस ओलंपिक के दौरान महिला बॉक्सिंग मुकाबले के दौरान महिला वर्ग के अपमान का विषय प्रमुखता से उठा। पेरिस ओलंपिक-2024 के दौरान इटली की अंजेला करीनी और अल्जीरिया की इमान खलीफ के बीच हुआ मुकाबला निकृष्ट वोकिज्म का उदाहरण है। महिला वर्ग के मुकाबले में बॉयोलाजिकल पुरुष को उतारना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तथा महिलाओं को अपमानित करने वाला है। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के उद्घाटन सत्र में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में जैन दर्शन का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन ऋषियों तथा दार्शनिकों का योगदान विशिष्ट है। वर्तमान समय में पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दे बेहद अहम हैं। अपने आचरण से जैन मुनियों ने पर्यावरण के प्रति नागरिकों को सचेत तथा संवेदनशील किया है। पारसनाथ जैसे विशिष्ट स्थान पर आयोजित हो रही विद्यार्थी परिषद की बैठक नए दिशासूत्रों को खोजने वाली सिद्ध होगी।

केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेते अभाविप के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

### एनटीए में व्यवस्थागत परिवर्तन आवश्यक

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के दौरान पारदर्शिता के विषय में लगातार प्रश्न उठे हैं। शिक्षा की पवित्रता को बनाए रखने परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्यवस्थागत परिवर्तन आवश्यक है, जिससे इस एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाएं बिना किसी समस्या के आयोजित हो सकें। कोचिंग के संदर्भ में भी देश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार समस्याएं सामने आ रही हैं, कोचिंग क्षेत्र के नियमन को लेकर शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है।

# भारत 2027 तक बन जाएगा तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति : संजय सेठ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रक्षा राज्य मंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से संवाद करने आए थे। इससे पूर्व उन्होंने बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में पत्रकारों से केंद्रीय बजट की खूबियों पर विस्तार से बातें कीं।

उन्होंने कहा कि यह बजट देश के सभी वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भारत जितनी तेजी से विकास कर रहा है, उससे अब लोग कह रहे हैं कि भारत 2027 तक ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। मोदी सरकार के 11वें और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में आधारभूत संरचना के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, उससे नई पीढ़ी को बहुत सी सौगातें मिलने वाली हैं। सेठ ने कहा कि बजट के बाद एनडीए की सरकार ने झारखंड को 4423 करोड़ दिए हैं, जिससे 137 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। पथलगावां से रांची तक बिजनेस कॉरिडोर बनेगा, जिसका लाभ पूरे राज्य को मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री ने बजट में गरीब, किसान, युवा और महिला को जाति मानते हुए, कई चीजें दी हैं, जो पहले कभी नहीं मिली थीं। युवाओं के लिए 500 उद्योग चुने गए हैं, जहां उन्हें पांच हजार रुपये मासिक मानदेय के साथ इटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। मुद्रा लोन को 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। एक करोड़ घरों को पीएम सूर्य योजना से जोड़ा जाएगा, जिसमें 100 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। बजट में मध्यमवर्ग के लिए टैक्स स्लैब नहीं बढ़ाने पर कहा कि देश में 7.5 करोड़ आयकरदाता हो गए हैं, कैसे। मोदी सरकार ने लोगों की आमदनी बढ़ाई है, जिससे क्रय शक्ति भी बढ़ी है।

पत्रकारों को जानकारी देते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व अन्य। ● फोटोन न्यूज

# दुनिया को हैरत में डालतीं गुफाएं



दुनिया भर में ऐसी कई प्राकृतिक गुफाएं हैं, जो अपनी सुंदरता से दुनिया को हैरत में डाल सकती हैं। इनमें से कई तो हजारों साल पुरानी हैं। इनके भीतर नदियां और झरने भी हैं। इस बार विश्व की ऐसी ही गुफाओं के बारे में और अधिक जानते हैं...

## स्कोकजैन केव्स

स्कोकजैन केव्स में एक ही स्थान पर कई गुफाएं हैं। प्राकृतिक सुंदरता के लिए इन्हें पूरी दुनिया में जाना जाता है। ये गुफाएं स्लोवेनिया में हैं। यूनेस्को ने इन्हें संरक्षित साइट्स की श्रेणी में रखा है। इनके भीतर नदी भी बहती है। पुरातत्व विज्ञानी इन गुफाओं को 10 हजार साल से भी अधिक पुराना मानते हैं।

## क्रूबेरा केव

अब तक की ज्ञात विश्व की सबसे गहरी गुफाओं में पहले स्थान पर है क्रूबेरा केव। इसकी गहराई 5,610 फीट से भी ज्यादा है। हालांकि यह गुफा सदियों पुरानी है, लेकिन इसकी खोज 1960 में हुई है। अपनी गहराई और सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध यह गुफा सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। इस गुफा को वोरोन्या केव के नाम से भी जाना जाता है। वोरोन्या का रशियन में अर्थ है- केव ऑफ क्रोज (कौओं वाली गुफा)। दरअसल इस गुफा में और इसके आसपास कौवों (क्रो) के काफी घोंसले थे, इसीलिए इसका यह नाम पड़ा। यह गुफा जॉर्जिया में है।

## आइसरिसेनवेल्ट केव

बर्फीली गुफाओं में विश्व भर में सबसे ऊपरी पायदान पर है आइसरिसेनवेल्ट केव। यह गुफा ऑस्ट्रिया के वर्फिन में है। सफेद बर्फ की चादर से ढकी गुफा को देखकर ऐसा लगता है मानो स्वर्ग की सुंदरता जमीन पर उतर आई है। 42 किलोमीटर लंबी इस गुफा की सुंदरता को देखने के लिए हर साल दो लाख से ज्यादा पर्यटक यहां आते हैं। हालांकि यह गुफा हमेशा बर्फ से ढंकी होता है, लेकिन पर्यटकों के लिए यहां आने का सबसे उचित समय मई से अक्टूबर तक के बीच का माना जाता है। ठंड बढ़ने के साथ ही यह गुफा बर्फ से इतनी ज्यादा ढंक जाती है कि इसके अंदर प्रवेश करना मुमकिन नहीं हो पाता। गुफा का नाम आइसरिसेनवेल्ट का जर्मन में अर्थ है- वर्ल्ड ऑफ द आइस जाइंट्स।

## प्यूटरे प्रिंसेसा

इस गुफा को यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में शामिल किया है। गुफा के अंदर बहते अनेक झरने व नदी इसकी सुंदरता को बढ़ाने का काम करते हैं। 300 मीटर लंबी यह गुफा फिलीपींस के पलवाना में स्थित है। इसके भीतर बहती प्यूटरे प्रिंसेसा नामक नदी को प्रकृति के 7 नए आश्चर्यों में भी शामिल किया गया है।





## अजंता व एलोरा

हमारे देश की सबसे प्रसिद्ध गुफाएं हैं अजंता व एलोरा। अपनी अद्वितीय सुंदरता की वजह से भारतीयों के साथ-साथ विदेशियों के लिए भी हमेशा आकर्षण का केंद्र बनी रही हैं ये। महाराष्ट्र के उत्तरी भाग में पहाड़ों की वादियों से घिरे इलाके की इन गुफाओं की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। एलोरा में 34 और अजंता में 29 गुफाएं हैं।

## ये भी हैं कुछ खास

- दुनिया की सबसे लंबी गुफा अमेरिका में है। इसका नाम है मैमूथ केव नेशनल पार्क।
- फिंगल केव। यह गुफा स्कॉटलैंड में है। समुद्र किनारे इसका प्रवेश द्वार है। यह काफी खूबसूरत है।
- ब्लू ग्रोटो केव इटली में है। इसके भीतर समुद्र का नीला पानी काफी खूबसूरत दिखता है। पूरी गुफा में नीली सी रोशनी इसे आकर्षक बना देती है।
- केव ऑफ क्रिस्टल्स मेक्सिको में वर्ष 2000 में मिली। ऐसा लगता है मानो इस गुफा को क्रिस्टल से बनाया गया हो।

## प्रसिद्ध भारतीय गुफाएं

टाबो गुफा, हिमाचल प्रदेश
शिव खाड़ी, जम्मू
उंदावली, विजयवाड़ा
डुंगेश्वरी केव, बिहार

## मिली नई गुफा...

अभी कुछ समय पहले ही जम्मू-कश्मीर के पीर पंजाल में नई गुफा मिली थी, जिसमें शिवलिंग भी है। इसका नाम पीर पंजाल केव रखा गया।

## उदयगिरी गुफा

ओडीशा की राजधानी भुवनेश्वर की उदयगिरी पहाड़ियों में है यह गुफा। इसे सूर्योदय पर्वत भी माना जाता है और यहां से सूर्योदय का नजारा बेहद खास होता है। साथ ही साथ कई रहस्यमयी और अद्भुत गुफाएं भी हैं यहां पर। इन्हीं में से एक है टाइगर केव। दरअसल इस गुफा का प्रवेश द्वार शेर के मुख की तरह बना हुआ है, इसी वजह से इसे टाइगर केव या शेर गुफा कहा जाता है।



## भारत में अद्भुत

### एलिफेंटा गुफा

मुंबई के तटवर्ती आइसलैंड पर स्थित एलिफेंटा गुफा आकर्षक व अद्वितीय है। एक ही छत के नीचे यहां पर सात प्राचीन गुफाएं हैं, जिनकी सुंदरता देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। भगवान शिव के मन्दिर के रूप में इस गुफा की मान्यता है।

### अमरनाथ गुफा

अमरनाथ आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। बर्फीली गुफाओं के रूप में प्रसिद्ध इस गुफा की खासियत है कि यहां बर्फ से स्वयं ही शिवलिंग का निर्माण होता है, जिसके दर्शन के लिए प्रतिवर्ष हजारों दर्शनार्थी यहां आते हैं। यहां आने के लिए सबसे उचित मौसम जुलाई-अगस्त का होता है। इन महीनों में यहां पर प्राकृतिक रूप से बर्फ से निर्मित शिवलिंग देखा जा सकता है।

## बादामी गुफा कर्नाटक

गुफा के अंदर कई मंदिर होने से आकर्षक और भव्य दिखती है यह गुफा। कर्नाटक में स्थित बादामी गुफा के अंदर कई मन्दिर हैं। इतिहासकारों के अनुसार बादामी गुफा पांचवीं सदी की है।



# ड्रोन विमानों से भी आगे होंगे रोबोट

कथानक के अनुसार सन् 1920 में रोजुम नाम का एक व्यक्ति समुद्रीय जीवन विज्ञान के अध्ययन हेतु एक द्वीप में आया। सन् 1932 में अचानक उसके हाथ में एक रसायन आ गया, जो एक जीवद्रव्य (प्रोटोप्लाज्म) की तरह कार्य करता था। रोजुम ने इससे एक कुत्ता और मनुष्य बनाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहा अंततः सन् 1950 या 60 में उसका भतीजा रोबोट बनाने में सफल हो गया। लेकिन इस नाटक के तीसरे अंक में ज्ञात होता है कि रोबोट की सर्वव्यापकता अब खतरा बनती जा रही है। परिस्थितियां ऐसी बनती हैं कि रोबोट उस कारखाने पर कब्जा कर लेते हैं और एक व्यक्ति अलेस्ट को छोड़कर सभी को मार देते हैं। चूंकि अलवेस्ट रोबोट जैसे ही कार्य का आदी था इसलिए बच गया।

अफगानिस्तान पर अमेरिकी आक्रमण ने युद्ध के साजो-सामान में एक नए घातक अस्त्र ड्रोन विमानों को जगह दिलवा दी। ये ड्रोन विमान हजारों मील दूर बैठे लोगों द्वारा संचालित होते हैं और मनचाही जगह को खाक कर देते हैं। ड्रोन विमानों के इस विध्वंसकारी प्रवेश के युद्ध की तस्वीर ही बदल डाली है और उसमें क्रूरता और संवेदनहीनता लगातार बढ़ती जा रही है।

किसी शादी ब्याह या चौपाल में अपने समुदाय के साथ कथित युद्ध अपराधी को अब चिन्हित कर नहीं मारा जाता बल्कि वह सारा क्षेत्र/घर ही उड़ा दिया जाता है। वस्तुतः क्रूरता को अभी विराम नहीं दिया जा रहा है और इस भयावहता या जघन्यता की अगली कड़ी के रूप में अब रोबोट सैनिक तैयार करने की कोशिश प्रारंभ हो गई है। अगर सब कुछ ऐसा ही चला तो अगले बीस वर्षों में किसी विज्ञान फिल्म की यह परिकल्पना हकीकत में बदल जाएगी। इसके विध्वंसक प्रभावों को लेकर सभी ओर चिंता जाहिर की जा रही है और यह प्रयास किए जा रहे हैं कि विकसित होने के पहले ही इन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाए। लेकिन क्या इन हत्यारे रोबोटों को रोक पाना इतना आसान है?

इस नए आयुध को कमोवेश परमाणु बम से अधिक हानिकारक माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि ये नए रोबोट सिर्फ स्वचलित ही नहीं होंगे बल्कि ये स्वतंत्र या स्वायत्त भी होंगे और कमोबेश ड्रोन विमानों से भी उन्नत होंगे, जिन्हें मानव द्वारा निर्देशित किया जाता है। मजेदार बात यह है कि जिस व्यक्ति ने रोबोट शब्द को वर्तमान अर्थों में प्रचलित किया वह संभवतः इसके अंतिम परिणाम को भी भांप चुका था।

गौरतलब है कि सन् 1920 में चेकोस्लोवाकिया ने नाट्य लेखक कारेल कापेक ने एक वैज्ञानिक गल्प नाटक रोजुम यूनिवर्सल रोबोट्स लिखा। चेक भाषा में रोबोट के अर्थ हैं कोल्हू का बैल या नीरस काम में लगा होना या दासता। वही रोबोटेनी का अर्थ है कृषि दास। कापेक रोबोट वर्तमान क्लोन के ज्यादा नजदीक बैठता है। वे तकनीक ओर बहुत आशा से नहीं देखते थे। उनके मस्तिष्क में हमेशा प्रथम विश्वयुद्ध की विभीषिकाओं की स्मृति बनी रहती थी, जिसमें तकनीक का मानवता के खिलाफ व्यापक उपयोग किया गया था। कापेक बहुत अच्छे से जानते थे कि भावना रहित तकनीक मानवता के लिए व्यर्थ साबित होगी। उनके अनुसार कई बार हम सब रोबोट की तरह ही व्यवहार करते हैं।

# 30 साल लगते हैं एक डाली बनने में



सुगुआरो कैक्टस (कार्नेजिया जाइगैंटिया) दुनिया का सबसे धीमी गति से बढ़ने वाला पौधा है। उसकी एक डाली पूरे 30 साल में तैयार होती है। गुआरो उत्तरी अमरीका (अरिजोना) में पाया जाता है। उसकी बढ़त धीमी होते हुए भी वह 18 मीटर की ऊंचाई प्राप्त कर सकता है। इतना बड़ा होते हुए भी, इसकी अधिकांश जड़ें जमीन में कुछ ही सेंटीमीटर की गहराई में फैली होती हैं। केवल एक मुख्य जड़ जमीन में लगभग दो फुट की गहराई तक उतरता है। इस कारण सगुआरो तूफानों में आसानी से उखड़ जाता है। स्थानीय निवासी सूखे सगुआरो तने से घरों की छतें, फर्नीचर, बाड़ आदि बनाते हैं। वह एक दीर्घजीवी पौधा है, जो 200 साल तक जीवित रह सकता है। इसके फूल रात को खिलते हैं। यह रेगिस्तानी पौधा अनेक पशु-पक्षियों को सहारा देता है। इनमें शामिल है गिला कठफोड़वा, बैंगनी मार्टिन, घरेलू फिंच, गिल्डेड फ्लिकर (एक प्रकार की चिड़िया), एल्फ आउल (बौना उल्लू), इत्यादि। ये इस पौधे के लंबे तने में छेद करके उनमें रहते हैं।

# कुल्लू से केरल तक

भारत का मौसम की मार से प्रभावित और चिंतित होना स्वाभाविक है। उत्तर भारत में कुल्लू से लेकर दक्षिण के केरल तक कई जगह त्रासद मंजर सामने आए हैं। विशेष रूप से उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में बुधवार को जिस तरह से मूसलाधार बारिश हुई है, उससे चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 24 घंटे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इतने ही समय में देश के सात राज्यों में 32 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। जिस तरह हिमाचल में पचास से ज्यादा लोग लापता हैं, दस से ज्यादा की मौत हो गई है, उससे भी त्रासद स्थिति केरल के वायनाड में बनी हुई है। बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या वहां 300 का आंकड़ा छूने वाली है। अभी भी 100 से ज्यादा लोग वहां लापता हैं। क्या इन मौतों से बचा जा सकता था? यह बहस का विषय है और कोई भी इस त्रासदी या किसी तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी नहीं लेगा। केंद्र सरकार और केरल सरकार के बीच जो दुखद आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं, उनसे आगे बढ़ने की जरूरत है। यह समय सतर्कता और सुधार का है। दरअसल, भारत में मौसम को समग्रता में समझने और उसके अनुकूल व्यवहार करने की जरूरत है। कभी खूब गर्मी, सूखा, तो कभी खूब बारिश, क्या ऐसे विरोधाभास को सहज ही स्वीकार करना चाहिए? मौसम की विचित्रता बढ़ती चली जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि रात के तापमान के मामले में भारत में सबसे गर्म जुलाई माह का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। औसत तापमान के मामले में बीती जुलाई 1901 के बाद दूसरी सबसे गर्म जुलाई रही है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में असामान्य वर्षा हुई है। जुलाई के आंकड़ों पर अगर हम गौर करें, तो बिहार, झारखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में जुलाई महीने में 20 से 59 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वोत्तर में भी सिक्किम और मेघालय को छोड़ दीजिए, तो बाकी जगह कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में कमोबेश सामान्य बारिश रही है। जुलाई के महीने में केवल गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक ही हैं, जहां खूब वर्षा हुई है। बिहार और झारखंड के अनेक इलाकों में खेतों के सूखने की खबर है। धान के पौधों को पानी चाहिए, अगर पानी न बरसा, तो उपज पर असर पड़ जाएगा। यही कामना रहती है कि आवश्यकता के अनुरूप बारिश हो, पर ऐसा होता कहां है? अब एक बड़ा सवाल यह है कि अगस्त कैसा बीतेगा? मौसम विभाग की मानें, तो अगस्त में देश में मासिक वर्षा 94 प्रतिशत से 106 प्रतिशत के बीच सामान्य सीमा में रहने की संभावना है। मतलब, कहीं बहुत ज्यादा, तो कहीं बहुत कम बारिश से इनकार नहीं किया जा सकता। यहां सबसे बड़ी चिंता यह है कि वर्षा जनित हालात को जानलेवा बनने से कैसे रोका जाए? तमाम शहरों में बेसमेंट या भूतल बन रहे हैं, पर भारी बारिश के बारे में नहीं सोचा जा रहा है। खूब चौड़ी और समतल सड़कें बन रही हैं, पर अत्यधिक जलभराव की स्थिति में क्या किया जाएगा, इसकी तैयारी शायद किसी भी शहर में सोलह आना मुकम्मल नहीं है।

# अप्राकृतिक आपदा

जलवायु परिवर्तन अप्रत्याशित मौसम को बढ़ावा दे सकता है। इसके चलते ऐसी बड़ी प्राकृतिक आपदाएं आ सकती हैं, जो स्थानीय लोगों को सकते में डाल सकती हैं। बीते 30 जुलाई को केरल के वायनाड जिले में हुआ विनाशकारी भूस्खलन जरूरी नहीं कि इसी किस्म की आपदा की श्रेणी में हो। केरल के कुछ हिस्से दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान भारी बारिश का कहर झेल रहे हैं और भूस्खलन सालाना होने वाला एक मामला है। लेकिन घातक भूस्खलन की घटनाएं नई हैं। इस हफ्ते, भारी बारिश की वजह से हुए कई भूस्खलनों में 200 लोगों की मौत हो गई और कुछ गांव बर्बाद हो गए। यह इलाका एक पर्यटन स्थल है और राजस्व की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए यहां बुनियादी ढांचे के विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां चलियार नदी लगभग दो किलोमीटर की ऊंचाई से निकलती है और वेल्लारमाला की ओर एक सीधे रास्ते में बहती है, जिससे तेज रफ्तार से पानी आता है जो अपेक्षाकृत ज्यादा मात्रा में तलछट को नीचे की ओर ले जाता है। इस साल की बारिश ने इस नदी में पानी की मात्रा एवं उसके वेग को और बढ़ा दिया, जिससे मलबा बहकर अपेक्षाकृत कम खड़ी ढलान वाली जमीन पर बसे उन गांवों में जमा हो गया, जहां से कई लोगों की मौत की सूचना मिली है। लेकिन यह त्रासदी इस तथ्य से और भी जटिल हो गई है कि 2020 में यहां भारी बारिश की वजह से चलियार ने अपने ऊपरी इलाकों के पौधों के आवरण को नष्ट कर दिया, जिससे ज्यादा मात्रा में चट्टानें और खाद-मिट्टी (ह्यूमस) विनाश की चपेट में आ गए। भूस्खलन की आशंका वाले इडुक्की, कोट्टायम, मलप्पुरम और वायनाड इलाके की भौगोलिक विशिष्टताएं सालों से स्पष्ट हैं। ये इलाके भूस्खलन के जोखिम से संबंधित मानचित्रों में भी प्रमुखता से नजर आते हैं। लिहाजा भूस्खलन की घातक पुनरावृत्ति के लिए जलवायु परिवर्तन और उस राज्य को दोषी ठहराया जाना चाहिए जिसे बार-बार सतर्क किया गया है। बार-बार सामने आने वाली एक समस्या अग्रिम चेतावनी और आपातकालीन तैयारियों की घोर कमी की नतीजा है। पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) के लिहाज से नाजुक क्षेत्रों में भूस्खलन ज्यादा आम है।

# क्या हम विभाजन की ओर बढ़ रहे हैं

ANALYSIS

प्रशांत

देवी की शक्तिपीठों में से एक, पवित्र हिंगलाज देवी का मंदिर भी हमें पराया हो गया। पवित्र दुर्गा कुंड से सुशोभित, पूर्व का वेनिस कहलाने वाला, बंगाल का 'बरिसाल' हमसे छीन लिया गया। ढाके की मां ढाकेश्वरी भी परायी हुई। १२ लाख से १५ लाख लोगों की हत्या और डेढ़ करोड़ लोगों का विस्थापन करने वाला यह विभाजन क्यों हुआ....? इस विभाजन का एकमात्र कारण था, अलग राष्ट्र का मुसलमानों का दुराग्रह और इस मांग को मनवाने के लिए किया गया 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसा जघन्य हत्याकांड..! १९४७ का विभाजन, सीधे-सीधे धार्मिक आधार पर था। मुसलमानो के लिए पाकिस्तान बना और वहां सारे मुसलमान जाएंगे ऐसा कहा गया। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी ने जनसंख्या के अदला बदली की पुरजोर मांग रखी थी। किंतु गांधी जी और नेहरू के आग्रह के कारण, भारत के मुसलमानों को यहीं रहने के लिए कहा गया। पाकिस्तान में ऐसा हुआ नहीं।

आज से ठीक ७७ वर्ष पूर्व, चौदह दिनों के बाद आई हुई रात, यह विभाजन की रात थी। किसी समय अत्यंत शक्तिशाली, वैभवशाली और संपन्न रहे हमारे अखंड भारत के तीन टुकड़े हो गए थे। पवित्र सिंधु नदी हमें परायी हो गई। राजा दाहिर के पराक्रम की गाथा सुनाने वाला सिंध प्रांत हमसे छीन गया। हजारों वर्षों से वहां खेती / किसानी / व्यापार करने वाले हमारे लाखों सिंधी भाई-बहन, एक ही रात में विस्थापित हो गए. हरा-भरा-फला-फुला पंजाब भी आधा गया। गुरु नानक देव जी का जन्मस्थान, पवित्र ननकाना साहिब गुरुद्वारा भी गया। गुरुद्वारा पंजासाहिब भी गया। महाराजा रणजीत सिंह के पराक्रम की निशानियां जाती रही। देवी की शक्तिपीठों में से एक, पवित्र हिंगलाज देवी का मंदिर भी हमें पराया हो गया। पवित्र दुर्गा कुंड से सुशोभित, पूर्व का वेनिस कहलाने वाला, बंगाल का 'बरिसाल' हमसे छीन लिया गया। ढाके की मां ढाकेश्वरी भी परायी हुई। १२ लाख से १५ लाख लोगों की हत्या और डेढ़ करोड़ लोगों का विस्थापन करने वाला यह विभाजन क्यों हुआ....? इस विभाजन का एकमात्र कारण था, अलग राष्ट्र का मुसलमानों का दुराग्रह और इस मांग को मनवाने के लिए किया गया 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसा जघन्य हत्याकांड..! १९४७ का विभाजन, सीधे-सीधे धार्मिक आधार पर था। मुसलमानो के लिए पाकिस्तान बना और वहां सारे मुसलमान जाएंगे ऐसा कहा गया। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी ने जनसंख्या के अदला बदली की पुरजोर मांग रखी थी। किंतु गांधी जी और नेहरू के आग्रह के कारण, भारत के मुसलमानों को यहीं रहने के लिए कहा गया।

पाकिस्तान में ऐसा हुआ नहीं। वहां ऐसा वातावरण बनाया गया कि सारे हिंदू वहां से पलायन करते गए। आज पाकिस्तान में बमुश्किल से १.९७% हिंदू बचे हैं, जो नरक से भी बदतर जीवन जी रहे हैं। यही हाल बांग्लादेश के हिंदुओं का है, जो मात्र ७.९% बचे हैं। संक्षेप में पाकिस्तान (और बाद में टूट कर बना बांग्लादेश) तो मुस्लिम राष्ट्र बन गया, किंतु भारत यह हिंदू - मुस्लिम राष्ट्र बना रहा। धीरे-धीरे भारत में मुस्लिम आबादी बढ़ती गई और उनका प्रतिशत भी बढ़ता गया। अगर यह मुस्लिम आबादी भारत की मुख्य धारा के साथ घुल-मिल जाती, भारत के पुरखों में अपने पुरखे ढूंढती, भारत की परंपराओं का सम्मान करती तो कोई प्रश्न नहीं खड़ा होता। इंडोनेशिया इसका जीता जागता प्रमाण है। विश्व की सबसे ज्यादा मुस्लिम जनसंख्या इंडोनेशिया में है। किंतु वहां का मुस्लिम, उस राष्ट्र की मुख्य धारा को अपना मानता है। वहां के पुरखों को, वहां की परंपराओं को अपना मानता है। उन पर गर्व करता हैं। इसलिए वहां के विद्यालय / विश्वविद्यालय के बाहर, देवी सरस्वती की भव्य प्रतिमाएं होती हैं। उनकी मुद्रा (नोटों) पर भगवान गणेश का चित्र रहता है। उनकी भाषा में ७०% संस्कृत शब्द रहते हैं। दुर्भाग्य से भारत के मुसलमानों ने ऐसा नहीं किया। वह उन्हीं रास्तों पर चल रहे थे, जिन पर स्वतंत्रता से पहले मुस्लिम लीग चली थी। इसीलिए विभाजन के ७७ वर्षों के बाद, आज जो स्वर सामने आ रहे हैं, वह अत्यंत चिंताजनक हैं। स्वतंत्रता पूर्व वाली स्थिति में हम पहुंच रहे हैं क्या, ऐसा सोचने के लिए पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं। अभी २०२४ के चुनाव में जो चित्र सामने आया हैं, वह इस बात को और स्पष्ट करता है। इस चुनाव में मुसलमानों ने रणनीतिक मतदान किया है' उनके मुल्ला - मौलवियों के अत्यंत स्पष्ट निर्देश थे कि भारतीय जनता पार्टी के विरोध में मात्र मतदान नहीं करना हैं, तो भारतीय जनता पार्टी को जो हरा सकता हैं, उसी उम्मीदवार को वोट देना हैं। अर्थात, अगर कोई मुस्लिम प्रत्याशी भी मैदान में हैं, और वह भाजपा को हराने की क्षमता नहीं रखता है, तो उसे वोट नहीं देना हैं। इस बार कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडी एलायंस के उम्मीदवारों को मुसलमानों ने जबर्दस्त समर्थन दिया। इसलिए धुले लोकसभा में, छह में से पांच विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार १,९०,००० मतों से आगे थे। किंतु मुस्लिम बहुल मालेगांव (मध्य) इस एक विधानसभा क्षेत्र ने कांग्रेस के उम्मीदवार को १,९३,००० की लीड दी और भाजपा ३,००० मतों से परास्त हुई। यहां पर डॉ प्रकाश आंबेडकर के 'वंचित बहुजन समाज आघाडी' के जहूर अहमद मोहम्मद भी चुनाव मैदान में थे। किंतु उन्हें मुस्लिम वोटर्स ने सिरे से नकार दिया। उन्हें ५,००० वोट भी नहीं मिले। रणनीति के तहत, मुसलमानों ने अपने सारे वोट, कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर श्रीमती शोभा बच्छाव को दिए और उनकी जीत सुनिश्चित की। ऐसा देशभर, बहुतायत लोकसभा क्षेत्र में हुआ। स्वाभाविक था, कांग्रेस इसे फुली नही समा रही है। कांग्रेस के नेता, मुसलमानों के लिए 'कुछ भी' करने के लिए तैयार हैं। और यहीं पर कांग्रेस भारी भूल कर रही हैं। यही हुआ था स्वतंत्रता के पहले, तीस के दशक में, जब मुस्लिम तुष्टीकरण करने के कारण कांग्रेस को, और विशेषतः महात्मा गांधी जी को, यह लगता था कि मुस्लिम सारे कांग्रेस के साथ है, मुस्लिम लीग के साथ नहीं। प्रारंभ में मुस्लिम लीग ने भी यही गलतफहमी बनाए रखी। किंतु सही चित्र सामने आया, सन १९४५ के चुनाव में। इस बार, कांग्रेस ने मुस्लिम लीग को काट देने के लिए, मौलाना अबुल कलाम आजाद को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उनकी अध्यक्षता में लड़े गए, मुस्लिम तुष्टिकरण से भरपूर, इस चुनाव में कांग्रेस को मुसलमानों से बहुत ज्यादा अपेक्षाएं थीं। किंतु कांग्रेस का दुर्भाग्य, मुसलमानों के लिए आरक्षित ३० में से एक भी सीट कांग्रेस को नसीब नहीं हुई। पूरे देश में मुसलमानों ने कांग्रेस को सिरे से नकार दिया और मुस्लिम लीग का ही पुरजोर समर्थन किया। महात्मा गांधी जी की तो यह प्रबल इच्छा थी की स्वतंत्रता के पश्चात पाकिस्तान में रहने के लिए जाएं।। उनको लगता था कि वह पाकिस्तान के मुसलमानों का मत परिवर्तन कर सकते हैं। किंतु दुर्भाग्य से, पाकिस्तान के राष्ट्रपती जीना, प्रधानमंत्री लियाकत अली खान या बाकी बड़े राष्ट्रीय नेता तो दूर की बात, पाकिस्तान के किसी गली के, किसी छुटभैय्ये नेता ने भी, गांधी जी को पाकिस्तान में आमंत्रित नहीं किया। अर्थात मुसलमानों ने कांग्रेस को 'यूज एंड थ्रो' पद्धति से अपनाया था। इस २०२४ के चुनाव में भी मुसलमानों ने इसकी झलक, कांग्रेस को दिखाई। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पश्चिम बंगाल के बहरामपुर से सन १९९९ से चुनाव जीतते आए हैं। यह मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। अर्थात यहां ५२% मुस्लिम वोटर हैं। अधीर रंजन चौधरी ने पिछले बीस - बाईस वर्षों में मुसलमानों के लिए, इस क्षेत्र में जो-जो बन सका, वह सब कुछ किया हैं। किंतु इस बार रणनीति के तहत, मुसलमानों ने, तृणमूल कांग्रेस के माध्यम से गुजरात के यूसुफ पठान को यहां से चुनाव लड़वाया।

# आसान नहीं है 'विकसित भारत -2047'

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत-2047 पर देश में हर जगह चर्चा हो रही है। चचाओं का केंद्र अगले कुछ वर्षों में 7 प्रतिशत सालाना से अधिक औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करना है। इस समय भारत और चीन की तुलना करना उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 1991 में दोनों देशों में कृषि में रोजगार का प्रतिशत आसपास ही था। चीन में यह 60 प्रतिशत तथा भारत में 63 प्रतिशत था, किंतु विश्व बैंक के अनुसार करीब 30 साल बाद चीन में यह तेजी से कम होकर 23 प्रतिशत रह गया, जो भारत के 44 प्रतिशत आंकड़े से बहुत कम है। इन 30 साल के भीतर चीन में लगभग 20 करोड़ कृषि श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्रों में चले गए। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में भी काफी संख्या में श्रमिक खेती से बाहर चले गए मगर इसी दौरान कृषि में रोजगार पाने वालों की संख्या 3.5 करोड़ बढ़ गई। भारत को मौजूदा निम्न-मध्यम आय स्तर से उच्च आय स्तर या उच्च मध्यम आय स्तर तक लाने के लिए जरूरी बदलाव पर भी सबका ध्यान केंद्रित है । यह बदलाव रोजगार के ढांचे में होना है, जिसके तहत कृषि क्षेत्र से जुड़ा रोजगार घटना चाहिए और उद्योग तथा सेवा क्षेत्र का रोजगार उतना ही बढ़ना चाहिए। वैसे भारत 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कृषि रोजगार के प्रतिशत की बात करें तो आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में यह लगभग 5 प्रतिशत है जो भारत में कृषि में वर्तमान रोजगार के प्रतिशत का लगभग आठवां हिस्सा है। उच्च-मध्यम आमदनी वाले देशों में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी आज भारत की तुलना में केवल आधी है। विकसित देशों की श्रेणी में शामिल कृषि वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक जैसे न्यूजीलैंड या ब्राजील में भी

कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी केवल 6-8 प्रतिशत के भीतर है। अगर भारत को 2047 तक उच्च आमदनी वाले देश का दर्जा हासिल करना है या उच्च-मध्यम आय के स्तर तक पहुंचना है तो उसे कृषि से बड़ी संख्या में श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्र की ओर भेजने होंगे। इससे भी ज्यादा नाटकीय मामला वियतनाम का है, जहां 1991 में रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत थी मगर 2021 में घटकर 29 फीसदी रह गई। इसका बड़ा कारण यह है कि चीन और वियतनाम में इन वर्षों के दौरान अधिक निर्भरता विनिर्माण में रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने वाली वृद्धि पर रही है। भारत के मामले में 1991 और 2021 के आंकड़ों की तुलना में एक अहम बिंदु छुप जाता है। कृषि की हिस्सेदारी में गिरावट और उद्योग तथा सेवाओं में वृद्धि मुख्य रूप से 1990-91 से 2014-15 के बीच यानी 25 वर्षों दौरान हुई। उसके बाद से विनिर्माण में वृद्धि की कई योजनाएं आने के बाद भी कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। संभवतः कोविड के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की वापसी की वजह से भी कृषि क्षेत्र से रोजगार स्थानांतरित होने की रफ्तार धीमी रही है।भारत में राज्यों के बीच अंतर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अहम मुद्दा यह है कि हम किस दर पर उद्योग और सेवा क्षेत्र में बेहतर रोजगार सृजन कर सकते हैं ताकि कामकाजी उम्र वाले लोगों की बढ़ती संख्या और कृषि क्षेत्र से आने वाले लोगों को इसमें खप सके। 2047 तक कामकाजी उम्र वाली आबादी (15 से 59 वर्ष) का आधिकारिक पूवार्नुमान लगाएं और मान लें कि काम ढूंढने वालों में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी समूह की होगी तो हमारे पास रोजगार ढूंढने वाले करीब 12 करोड़ नए लोग होंगे। इसके अलावा सबसे मुश्किल पूवार्नुमान कृषि क्षेत्र से निकलने वाले श्रम बल के दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरण के मूल्यांकन का स्तर है। अगर हम विकसित या उच्च आमदनी वाला देश बनना चाहते हैं तब कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा कम होकर 10 प्रतिशत के स्तर पर आना चाहिए। इसका मतलब है कि लगभग 15 करोड़ लोगों को कृषि क्षेत्र छोड़ना होगा। इस तरह उद्योग और सेवा क्षेत्रों में 27 करोड़ से अधिक नए रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है ताकि रोजगार ढूंढने वाली आबादी और कृषि क्षेत्र छोड़ने वाली अतिरिक्त आबादी इसमें खप सके। अगले 25 वर्षों में यह तादाद सालाना 1 करोड़ से अधिक नई उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की नौकरियां हैं। असली चुनौती यह है कि हमें 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक ऐसी योजना चाहिए जो उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार के बेहतर मौके तैयार करे, खासतौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां आज भी औसतन करीब 55 प्रतिशत लोग खेती में रोजगार पाते हैं। अगले 25 साल में देश में जितने भी नए कामगार बढ़ेंगे, उनमें से लगभग 90 प्रतिशत इन पांच राज्यों से होंगे।

# Social Media Corner

सच के हक में...

मैं वायनाड में इस कठिन समय के दौरान उदार समर्थन के लिए कर्नाटक के लोगों और सरकार का बहुत आभारी हूं। दुखद भूस्खलन के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने की आपकी प्रतिबद्धता पुनर्वास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीयों की करुणा और एकजुटता ही वह ताकत है जिसकी वायनाड को अभी जरूरत है।

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

झारखंड में दलित समुदाय का उत्पीड़न चरम पर पहुंच चुका है। बाबासाहेब अम्बेडकर के संविधान की दुहाई देने वाले वाले @राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी दलितों पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेस-झामुमो की सरकार झारखंड को 'इस्लामिक स्टेट' बनाने पर अमादा है। गिरिडीह जिले के धनवार प्रखंड में एक दलित महिला और उसके पति के साथ मारपीट तथा अभद्रता करते हुए जबरन इस्लाम धर्म कबूल करने का दबाव बनाया गया। जब महिला ने शिकायत दर्ज करायी तो मुखिया पति शाहबान अंसारी ने दलित महिला पर जबरन सुलहनामा दाखिल करने का दबाव बनाया, साथ ही सामाजिक दंड देने और सरकारी योजनाओं का लाभ रोकने की धमकी दी। झारखंड में दलित-आदिवासियों का धर्मांतरण कर उनका अस्तित्व मिटाने की साजिश चल रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में ऐसी साजिशों को अंजाम दे रहे हैं। @डीसी गिरिडीह तत्काल पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करें एवं इस साजिश में संलिप्त लोगों को कड़ी कारवाई करें ।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

# संयुक्त परिवार में ही सुरक्षित है नौनिहालों का भविष्य

दो दिन पहले एक समाचार आया कि पुणे में रहने वाले एक 16 वर्ष के बच्चे ने ऑनलाइन गेमिंग के टास्क को पूरा करने के लिए 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा ₹लॉग ऑफ₹। केवल इतना ही नहीं आत्महत्या के पहले बच्चे ने एक कागज पर पेंसिल से उसके अपार्टमेंट और गैलरी से कूदने वाला टास्क बनाया। इसी पेपर में लॉगआउट भी लिखा है। बच्चे के कमरे से गेम की कोडिंग भाषा में लिखे कई कागज भी मिले हैं। बच्चे की मां के अनुसार वह दिन भर अपने कमरे में बंद रहकर गेम खेलता था। जिस दिन बच्चे ने ये कदम उठाया मां दूसरे बीमार बच्चे की देखरेख कर रही थी। पिता विदेश में कार्यरत हैं और मां भी कामकाजी है। अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसे में हमारे बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे? आपको ब्लू व्हेल गेम याद ही होगा। उसमें भी टास्क के जरिए खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता था। वर्ष 2017 में ब्लू व्हेल गेम पर देश में प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब एक नया गेम सामने हैं। ताजा मामला ऐसे ही एक ऑनलाइन गेम का है। भारत में ब्लू व्हेल गेम ने पहला शिकार जुलाई 2017 में मुंबई के 14 साल के स्कूल छात्र मनप्रीत सिंह साहनी को बनाया था। तब मनप्रीत ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। 2019 में जारी एक रिपोर्ट की मानें तो ब्लू व्हेल गेम के चलते रूस, यूक्रेन, भारत और अमेरिका में 100 से ज्यादा बच्चों की जान गई थी। वर्तमान में अधिकांश घरों में माता और पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं। एकल परिवार होने से बच्चों को अकेले या दूसरों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। ऐसे में बच्चे का मनोविकास वैसा नहीं हो पाता, जैसा होना चाहिए। कई बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई दुर्व्यवहार या शोषण का शिकार होते रहते हैं। एक खतरा ऑनलाइन गेम्स का भी आ गया है। देश में ज्यादातर बच्चो के पास बच्चों के पास मोबाईल फोन और टैब है। ऑनलाइन गतिविधियों के माध्यम से ब्रेनवाश कर उनका जीवन तक छीना जा रहा है। ऑनलाइन रहने के कई खतरे बच्चो पर मंडरा रहे हैं, जिससे अभिभावक पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। अब प्रश्न खड़ा होना स्वाभाविक है कि अपने बच्चों को बचाएं कैसे? इसका केवल एकमात्र ही समाधान हैं संयुक्त परिवार। जहां बच्चे पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ व चरित्रवान बन सकते हैं। संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, काका-काकी, ताऊ-ताई और परिवार के अन्य छोटे-बड़े सदस्य साथ रहतें हैं। सब एक दूसरे की चिंता करते हैं, देखभाल करते हैं और आपस मे स्नेह बांटते हैं। विशेषकर बच्चे सबकी नजरों के सामने रहते हैं। उनमें परिवार के संस्कार स्वतः ही हस्तांतरित होते हैं। घर मे बुजुर्गों के रहने से बच्चों की दिनचर्या अनुशासित होती है। भारतीय संयुक्त परिवारों में बच्चों को अन्य सम्बन्धों में भी माता-पिता से भी अधिक प्रेम पाते हम सबने देखा है। बच्चे अपने दादा-दादी और परिवार के अन्य सदस्यों जैसे बुआ, काका, मामा के अत्यंत निकट होते हैं। परिवार के अन्य बच्चों के साथ वे परस्पर सहयोग करना आसानी से सीख जाते हैं। मिल कर रहना और सबका सम्मान करने का भाव उनकी प्रकति में सहज ही समा जाता है। किशोर या युवा होने पर वे गली, मोहल्ले या शहर में कहां, किसके साथ खड़े हैं या घूम रहे हैं, इस पर अन्य परिजनों की दृष्टि भी रहती है। इससे बालक या बालिका कभी पथ भ्रष्ट नहीं होते। लेकिन आज पाश्चात्य प्रभाव के कारण परिवार टूटने लगे हैं। कर्तव्यों की बात करने वाले हम भारतीय अधिकारों की बात करने लगे। यहीं से त्याग व समर्पण की जगह स्वार्थ ने ले ली। ये स्वार्थ हमारे बच्चों पर भारी पड़ने लगा है। उन्हें परिवार का वह समुचित सुख नहीं मिल पा रहा, जिसके वे अधिकारी हैं। वैसे भी हमारे परिवार की विरासत हमारे बच्चों तक हमारा परिवार ही हस्तांतरित कर सकता है।

# समस्या भरी ऊर्जा

भारत सरकार निजी क्षेत्र के साथ मिलकर छोटे मॉडुलर रिएक्टरों (एसएमआर) का अध्ययन और परीक्षण करना चाह रही है। विश्व में इस्तेमाल होने वाली तरह-तरह की ऊर्जा में परमाणु ऊर्जा एक अहम शक्ति स्रोत है, क्योंकि (अन्य) नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकों के विकसित और परिपक्व होने का इंतजार हो रहा है, जबकि जीवाश्म-ईंधन-आधारित स्रोत, खासकर कोयला, अब भी प्रासंगिक और ज्यादा वहनीय बने हुए हैं। परमाणु ऊर्जा पर्याप्त रूप से उच्च और टिकाऊ बिजली उत्पादन मुहैया कराती है, भले ही सुरक्षित व भरोसेमंद रिएक्टर बनाने और इस्तेमाल हो चुके परमाणु ईंधन से निपटने जैसी बाह्यीकृत (कीमत-निर्धारण में शामिल नहीं की गयीं) लागतें इस गणित को जटिल बनाती हैं। वास्तव में, किसी परियोजना के चालू हो पाने तक, लागत और समय के अनुमान का दोगुने तक बढ़ जाना कोई अनसुनी चीज नहीं है। इस प्रकार नयी सुविधाओं से परमाणु बिजली की दर अपेक्षाकृत अधिक है, भले ही वे नवीकरणीय स्रोतों से रह जाने वाली बिजली की कमी को भी पूरा करती हैं। कुल 10 एमडब्ल्यूई से 300 एमडब्ल्यूई तक की क्षमता वाले एसएमआर पारंपरिक रिएक्टरों के छोटे संस्करण हैं। वे परमाणु ईंधन के उच्च एनर्जी कंटेंट, मॉडुलर डिजाइन, छोटे परिचालन सतह क्षेत्र और कम पूंजीगत लागत का लाभ उठाकर, वाणिज्यिक व्यवहार्यता से समझौता किये बिना ज्यादा सुरक्षित होने की आकांक्षा रखते हैं। लेकिन चुनौती इस आकांक्षा को एसएमआर की बाह्य लागतों के बोझ से बचाये रखने की है। सरकार द्वारा परमाणु बिजली उत्पादन का निजीकरण, रेडियोधर्मी सामग्री को सैन्य इस्तेमाल के लिए मोड़े जाने के खिलाफ विनियामक सुरक्षा-उपायों की मांग भी बढ़ायेगा। पहली पीढ़ी के एसएमआरों से उम्मीद की जाती है कि वे फैक्ट्री-निर्मित पुर्जों के साथ साइट पर असेंबल की गयी सुविधाओं में कम-संवर्द्धित यूरेनियम का इस्तेमाल करें, ताकि ऐसा कचरा पैदा हो जिससे मौजूदा तकनीकों का इस्तेमाल करके निपटा जा सके और ऐसी बिजली पैदा हो जो किफायती दरों पर बेची जा सके।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# India's Commitment To Make A TB-Mukt Bharat

One of the biggest killers, Tuberculosis (TB) is an infectious disease and found in every part of the world. It continues to be a major public health issue of global concern. India carries one of the largest global burden of the disease. The central and state governments are committed to ending it by 2025, five years ahead of the global target under the Sustainable Development Goals (SDG) 2030. Let us deep dive into the different aspects of the disease and understand India's initiatives in this direction.

Global burden of TB

TB is an infectious airborne disease caused by Mycobacterium tuberculosis (M.tb). WHO estimates that nearly 1.8 billion people, accounting for close to 1/4 of the global population, are infected with TB. Approx. 13 lakh children get sick with TB each year. It is one of the leading infectious causes resulting in worldwide deaths. Last year, TB was noted to be the world's second leading cause of death from a single infectious agent, after COVID-19. It caused almost twice as many deaths as HIV/AIDS. In 2022, 1.06 cr were infected from TB and 14 lakh died due to it. TB results in 3500 deaths on a daily basis.Tuberculosis is strongly influenced by different social and economic and health-related risk factors. These are undernutrition, diabetes, HIV infection, alcohol use disorders and smoking. According to WHO, on the global scale in 2020, an estimated 19 lakh incident cases of TB were due to undernutrition, 7.4 lakh to HIV infection, 7.4 lakh to alcohol use disorders, 7.3 lakh to smoking and 3.7 lakh to diabetes. Although, there are regional and national variations. For instance, a high incidence is noticed among the urban population living in slums.Thirty countries that bear a high TB burden account for 87% of the world's total TB cases. Of these, two-thirds of the global total burden was found in eight countries.

India accounts for a large share at 27% of the total global cases followed by Indonesia (10%), China (7.1%), the Philippines (7.0%), Pakistan (5.7%), Nigeria (4.5%), Bangladesh (3.6%) and the Democratic Republic of the Congo (3.0%).

